हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 7 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

12 अतिक्रमण हटाने के लिए दिखावे की कार्रवाई धमधा नाका, पोटिया में कब्जों की भरमार



13 गोधन न्याय योजना का बंटाधार हो रहा ग्रामीण क्षेत्रों में, जांच में सदस्यों को दिखी कई खामियां





## खबर संक्षेप

### गांजा के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** गांजा बेचने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुसिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्म श्री तंवर ने बताया कि पुलिस का ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत उतई ने अवैध रूप से गांजा बेचने वाला शंकर नगर, गौरा चौक, जोरातराई निवासी संतोष महिलांगे को बीएससी प्लांट जाने के रास्ता नहर पुलिया के पास गांजा रख बेचने और ग्राहक की तलाश करते हुए पकड़ा गया। आरोपी संतोष महिलांगे के पास से प्लास्टिक पॉलीथिन में 1.110 किलो ग्राम गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत 11 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में थाना उतई के उपनिरीक्षक प्रमोद सिन्हा समेत उनकी टीम का योगदना रहा है।

### मोबाइल लूट करने वाला आरोपी पकड़ाया



**भिलाई।** मोबाइल लूट कर फरार होने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि बाम्बे आवास जवाहर नगर निवासी झनकार ढाली 4 अगस्त को की रात अर्जुन नगर कैम्प 1 निवासी चंदू उर्फ चंदू डॉन कैम्प 1 हनुमान मंदिर के पास बाइक लेकर खड़ा था। इसी दौरान वो शिकायतकर्ता से पैसों के लेनदेन की बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। जब पीड़ित ने उसका विरोध किया तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी और उसका मोबाइल लेकर भाग गया। वैशाली नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई। टीम ने कई जगहों पर छापेमारी करके उसे गिरफ्तार किया। चंदू ने पूछताछ में मोबाइल लूटकर फरार होना स्वीकार किया।

### कुरुद नाला में डूबने से युवक की मौत

**भिलाई।** कुरुद नाले में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में जामुल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक गोकुल धाम निवासी देवेन्द्र यादव उर्फ भुरवा मंगलवार शाम से घर से निकला था। कभी कतभी मेशी भी चराया करता था। बुधवार की शाम देवेन्द्र का शव कुरुद नाले में तैरती पाई गई। आसपास के लोगों ने शव को नाले के बाहर के बाहर निकाला और बाद परिजन, पुलिस को जानकारी दी है। मृतक नाले में कैसे पहुंचा इसकी जानकारी पुलिस जांच में पता चल पाएगा।

# पोस्टमार्टम भवन का 7 लाख से होगा रिनोवेशन, दो नई एंबुलेंस मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शासकीय लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला के सालों पुराने पोस्टमार्टम भवन को नए सिरे से उन्नयन किया जाएगा। 7 लाख रुपए की लागत से पीएम भवन को बेहतर किया जाएगा। विधायक रिकेश सेन की निधि से ये कार्य होंगे। इस हॉस्पिटल में दो नए एबुलेंस की सुविधा भी शुरू होने जा रही है। वर्तमान में दो एबुलेंस है वे कंडम हाल में है। जिसकी वजह से यहां मरीजों को एबुलेंस सुविधाएं बेहतर तरीके से नहीं मिल पा रही है। एबुलेंस जिला खनिज न्यास निधि से खरीदी जाएगी। बुधवार को आयोजित जीवनदीप समिति की बैठक में ये महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

## विधायक रिकेश सेन की अध्यक्षता में शासकीय लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल जीवन दीप समिति बैठक में मिली मंजूरी

### विधायक रिकेश सहित सभी सदस्यों ने प्रस्तावों को दी सहमति

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल मे जीवनदीप समिति के माध्यम से बैठक की गई। समिति के अध्यक्ष जीवनदीप समिति रिकेश सेन की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। साधारण सभा के सदस्य प्रेमचंद देवांगन , मनीषा राठी, त्रिलोचन सिंह एवं मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी, एसडीएम छावनी हितेश पिसदा सहित सदस्यों के समक्ष इन बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिया गया।



### केंटीन की जगह जनऔषधि केंद्र होगा संचालित

सिविल अस्पताल सुपेला में जन औषधि केंद्र केंटीन की जगह पर संचालित किया जाएगा। केंटीन संचालन का ठेका समिति ने तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया और वहां पर जन औषधि केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में जन औषधि केंद्र इस अस्पताल के अंदर संचालित है। उसे बाहर संचालित करने के लिए विधायक निधि द्वारा एक लाख रुपये प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। भीतर वैसे की जगह कम है। जिसकी वजह से अस्पताल में आने-जाने वाले मरीजों व उनके परिजनों को दिक्कतें उठानी पड़ रही थी। दवा लेने के लिए लोग कतार में खड़े रहते थे और मरीजों व उनके परिजनों का भी यही से आना-जाना होता था।

### जीवनदीप समिति से नियुक्त 40 कर्मचारियों का वेतन अब कलेक्टर दर से

जीवनदीप समिति ने सुपेला अस्पताल में 40 कर्मचारी रखे हुए हैं। ये लंबे समय से काम कर रहे हैं लेकिन वेतन भुगतान समिति के फंड से किया जाता था। कर्मचारियों की लंबे समय की मांग थी की जीवनदीप समिति में कार्यरत नियमित एवं वैकल्पिक कर्मचारियों का कलेक्टर दर मानदेय भुगतान किया जाए, इसे मंजूरी दे दी गई है।

साइकिल स्टैंड का ठेका समिति ने तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। फरवरी महीने से साइकिल स्टैंड का ठेका निरस्त हो गया था।

## मुख्य जलाशय तांदुला में 25 प्रतिशत, खरखरा में 34 प्रतिशत जलभराव हुआ कम

# सावन में इस बार कम बारिश, जलाशयों में पिछले साल से 25 फीसदी कम जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इस बार सावन के महीने में कम बारिश हुई है। जिसकी वजह से प्रमुख जलाशयों में ही जलभराव पिछले साल से कम है। जलाशयों में औसतन 25 फीसदी जलभराव कम है। दुर्ग जिल सिंचाई के लिए तांदुला जलाशय और खरखरा जलाशय पर निर्भर है, लेकिन इस बार पिछले साल से कम बारिश हुई है। पिछले साल 6 अगस्त 2024 को तांदुला जलाशय में 82.26 प्रतिशत जलभराव हुआ था। इस बार यहां महज 57.51 प्रतिशत जलभराव ही हो पाया है। यानी 24.75 प्रतिशत जलभराव पिछले साल से कम हुआ है।



### सावन में केवल 18 दिन बारिश

सावन पूरे एक महीने चलता है। इस बार सावन में केवल 18 दिन ही बारिश हुई है। इस बीच तीन-चार दिन ऐसा था कि पिछले साल की बारिश का रिकार्ड भी टूट गया है। जिले में 530.6 मिलीमीटर बारिश हुई जो औसत बारिश 485.6 मिलीमीटर से 9 प्रतिशत अधिक रहा है। उसके बाद अगस्त महीने की शुरुआत से ही बारिश कहीं-कहीं बरस रही है। एक ही शहर में एक सड़क पर पानी गिर रहा है तो दूसरा सड़क सूखे की स्थिति में है। यह स्थिति 29 जुलाई से लेकर अब तक है। लंबे अंतराल से अच्छी बारिश नहीं होने की वजह से जलाशयों में जलभराव बेहतर नहीं हो पा रहा है।

### खरखरा जलाशय में 34 प्रतिशत जलभराव कम

खरखरा जलाशय बालोद जिले में है। इस जलाशय का पानी तांदुला जलाशय में कम होने पर शिफ्ट किया जाता है। दुर्ग व बालोद जिले के लिए इस जलाशय में जलभराव बेहद जरूरी होता है। इस साल यहां जलभराव की स्थिति संतोषजनक नहीं है। 6 अगस्त 2024 में इस जलाशय में 84.57 प्रतिशत जलभराव हुआ था लेकिन इस साल 50.59 प्रतिशत ही जलभराव हो पाया है। इस तरह पिछले साल की अपेक्षा 34 प्रतिशत जलभराव कम हुआ है।

### मरोदा डैम में 14.71 प्रतिशत कम जलभराव

मरोदा डैम में भी जलभराव पिछले साल की तुलना में कम हुआ है। इस बांध का उपयोग बीएसपी अपने लिए करता है। यहां के लिए बालोद का तांदुला जलाशय और धमतरी के गंगरेल जलाशय से पानी पूरे सालभर आता है। तांदुला जलाशय में ही जलभराव कम है इसलिए मरोदा बांध में भी कम पानी भेजा गया है। पिछले साल वर्ष 6 अगस्त की स्थिति में मरोदा में 56.01 प्रतिशत पानी था, लेकिन इस साल 41.30 प्रतिशत ही जलभराव हुआ है। इस तरह पिछले साल की तुलना में 14.71 प्रतिशत जलभराव कम है।

### मानसून ब्रेक, 11 के बाद बन सकता है सिस्टम

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि इन दिनों मानसून ब्रेक की स्थिति है। सिस्टम कमजोर हो चला है। यह सिस्टम 11 अगस्त के बाद फिर से सक्रिय हो सकता है। तभी अच्छी बारिश हो सकती है। दुर्ग जिले सहित पूरा प्रदेश खंड वर्षा के हालात से गुजर रहा है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, करनाल, मुरादाबाद, खेड़ी, जलपाईगुड़ी और उसके बाद उत्तर पूर्व की ओर अरुणाचल प्रदेश, हिमालय की तराई से होकर स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश के मध्य भाग में 5.8 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम विहार से दक्षिण पूर्व बांग्लादेश तक उत्तर गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए 3.1 किलोमीटर से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 7 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

# राधे राधे कहने पर बच्ची को प्रताड़ना, छग बाल संरक्षण आयोग ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले में राधे राधे बोलने पर मासूम बच्ची के मुंह में टेप चिपकाने और उसे मारने के मामले पर छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने स्कूल के प्रबंधक और प्रिंसिपल को रायपुर तलब किया है। आयोग ने इस मामले में स्वतः संज्ञान में लिया है और प्रकरण दर्ज करते हुए स्कूल की प्रबंधक और प्रिंसिपल को 14 अगस्त को तलब किया है। 1 अगस्त को हुई इस घटना को मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। नंदिनी पुलिस ने इस मामला दर्ज किया हऔर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके खिलाफ छत्तीसगढ़ बजरंग दल के लोगों ने भी काफी हंगामा किया था। इस पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए आयोग ने बा अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा 13(जे) व 14 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मामला दर्ज किया गया। घटना नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बागडूमर स्थित मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुई थी।



छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग ने इसको लेकर जिला बाल संरक्षण अधिकारी और थाना प्रभारी नंदिनी को भी तलब किया है। साथ ही पीड़ित बच्ची और उसके अभिभावक से मिलकर स्वास्थ्य संबंधी रिपोर्ट मांगी है।

आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि ऐसे मामले में बच्ची और उसके परिवार को अपना धार्मिक पंथ चुनने के पूरा अधिकार है। इस मामले में उनके अधिकारों का हनन किया गया है। यह किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 के अंतर्गत बच्चों के प्रति क्रूरता के दायरे में आता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रकरण की पूरी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ जांच की जाएगी

# दो लाख का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लंबे समय से गांजा की तस्करी को लेकर पुलिस ऑपरेशन विश्वास अभियान चलाकर लाखों रुपए का गांजा बेचने वाले दो युवकों को दुर्ग कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जिला अस्पताल दुर्ग के पास भारी मात्रा में गांजा अपने पास रखकर ग्राहक की तलाश कर रहे युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ करने पर ग्राम चाका मुंडीचर प्रयागराज यूपी निवासी मोहित जायसवाल, डब्ल्यू बंसकार अपना नाम बताया है। गांजा को उड़सिा से खरीद कर बस में सवार होकर दुर्ग पहुंचे। दुर्ग से ट्रेन पकड़कर वापस इलाहाबाद प्रयागराज जाने की



तैयारी में थे। दुर्ग कोतवाली प्रभारी तापेश्वर नेताम की टीम ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया। युवकों के पास से पुलिस ने 21.260 किलोग्राम गांजा जब्त किया। जिसकी कीमत 2,10 लाख रुपए का है। आरोपियों के पास से मोबाईल भी जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी तापेश्वर सिंह नेताम समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# ये तो हद है...पेयजल पाइप लाइन फूटी, घंटों बहते रहा पानी

**दुर्ग।** दुर्ग निगम के जलकार्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बुधवार की शाम करीब 6 बजे कचहरी चौक पर शताब्दी गार्डन से लगे हिस्से से गुजरी पेयजल पाइपलाइन फूट गई। तीन जगहों पर बड़ी लीकेज सामने आया। इस दौरान पानी का फौव्वारा 10 फीट से ज्यादा ऊपर उठा। घंटों यहां से पानी बहता रहा, बावजूद इसके किसी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया। बता दें कि इस क्षेत्र में सभी प्रमुख सरकारी दफ्तर हैं। कलेक्ट्रेट परिसर से लगा यह क्षेत्र है। बावजूद इसके निगम के जलकार्य विभाग को इसकी भनक तक नहीं ली। इस मामले को लेकर राजीव अग्रवाल ने शिकायत भी की, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। देर शाम तक पानी व्यर्थ बहते रहा। जानकारी के मुताबिक पेयजल सप्लाई वाली पाइपलाइन से यह लीकेज सामने आया।



### मोबाइल शॉप में चोरी तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल शॉप का ताला तोड़कर मोबाइल पार करने वाले तीन आरोपी युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम घुघवा निवासी योगेश साहू का मोबाइल शॉप सेलुद चौक उतई में है। अज्ञात ने 1-2 अगस्त की दरम्यानी रात शटर का ताला तोड़कर मोबाइल पार कर दिया था। पुलिस ने मामले में ग्राम धोराभाठा थाना उतई निवासी दानेस साहू, तुषार ठाकुर, कामदेव साहू गिरफ्तार किया। आरोपियों से पुलिस ने 2.10 लाख रुपए के मंहगे मोबाइल जब्त किए है। कार्रवाई उपनिरीक्षक प्रमोद सिन्हा की टीम का योगदान रहा है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## रूंगटा यूनिवर्सिटी और नियोस्काई इंडिया के बीच एमओयू, रियल टाइम सर्वे होगा संभव

# भिलाई में खुलेगा टेक्नोलॉजी सेंटर, तैयार होंगे प्रोफेशनल ड्रोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रदेश के टेक्नोक्रेट्स अब ड्रोन टेक्नोलॉजी में माहिर बनेंगे। उनको न सिर्फ ड्रोन फ्लाइंग का प्रमाणित पायलट बनाया जाएगा, बल्कि इस फील्ड में इनोवेशन और रिसर्च भी करेंगे। इसके लिए भिलाई की रूंगटा इंटरनेशनल स्किलस यूनिवर्सिटी और ड्रोन टेक्नोलॉजी कंपनी नियोस्काई इंडिया के बीच एमओयू हुआ। इस एमओयू के तहत रूंगटा यूनिवर्सिटी में प्रदेश का पहला ड्रोन टेक्नोलॉजी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत होने जा रही है। इस सेंटर के जरिए युवाओं को नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए से सर्टिफाइड ड्रोन पायलट बनाया जाएगा।



ड्रोन पायलेटिंग का लाइसेंस हासिल करने के बाद युवा रक्षा, निगरानी, कृषि, लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में कॅरियर बना सकेंगे। ये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खास तकनीकी सिमुलेशन टूल्स, उड़ान अभ्यास (फ्लाइट ट्रेनिंग) और रिसर्च की सुविधाओं से लैस होगा। यहां छात्र न केवल ड्रोन उड़ाना सीखेंगे, बल्कि उनमें नए प्रयोग भी करने का मौका मिलेगा।

### एमओयू पर किए हस्ताक्षर

इस समझौते पर रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी और नियोस्काई इंडिया के अर्चित कलश ने हस्ताक्षर किए। डॉ. सूरीशेट्टी ने कहा कि ड्रोन अब केवल शौक की चीज नहीं रहे, बल्कि ये राष्ट्रीय सुरक्षा और आधुनिक टेक्नोलॉजी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। हमारा लक्ष्य है कि छात्र इन तकनीकों में निपुण बनें और देश की प्रगति में योगदान दें। यह साझेदारी रूंगटा यूनिवर्सिटी की एक और बड़ी उपलब्धि है, जो यह दिखाती है कि यूनिवर्सिटी अपने छात्रों को इंडस्ट्री-रेडी बनाने और नई तकनीकों से जोडने के लिए लगातार काम कर रही है। नियोस्काई के रिप्रजेंटेटिव ने कहा कि, डीजीसीए के नियमों से पायलट बनने के बाद युवाओं को लाइसेंस जारी होगा। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद छात्र वैध रूप से ड्रोन ऑपरेट कर सकेंगे और सरकारी व निजी क्षेत्रों में नौकरी के लिए तैयार होंगे।

### छात्र क्या-क्या सीखेंगे इसे भी जानिए

ड्रोन सेंटर में छात्रों को ड्रोन उड़ाने की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, फ्लाइट सिमुलेशन, ड्रोन की मरम्मत और रख-रखाव, सुरक्षित उड़ान तकनीक, एरियल मैपिंग, स्मार्ट खेती के लिए ड्रोन का इस्तेमाल, रियल टाइम सर्वे व निगरानी जैसे कई जरूरी और दिलचस्प विषयों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, छात्र ड्रोन के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों को समझ पाएंगे। विशेषज्ञों ने बताया कि ड्रोन टेक्नोलॉजी आज सिर्फ वीडियो बनाने तक सीमित नहीं है। इसका इस्तेमाल अब सेना, पुलिस निगरानी, आपदा प्रबंधन, खेती, बड़ी इमारतों की निगरानी, तेज डिलीवरी सिस्टम और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में बड़े स्तर पर हो रहा है। ये सभी क्षेत्र आज कुशल ड्रोन पायलट्स की तलाश में हैं। इस ट्रेनिंग से छात्र इन सभी फील्ड्स में कॅरियर बना सकते हैं।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण

TEAM CREATIVE
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने सहायक अधीक्षकों को सौंपा प्रभार



**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रशासनिक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के हड़ताल अवधि में तहसीलों में कार्यालयीन कार्यों के सुचारू संपादन तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के अंतर्गत भू-अभिलेख शाखा में पदस्थ सहायक अधीक्षक भू-अभिलेखों को तहसीलवार प्रशासनिक प्रभार सौंपा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख अजय कुमार मेरावी को तहसील दुर्ग का, आलोक शुक्ला को तहसील बोरी का तथा श्याम लाल साहू को तहसील पाटन का प्रशासकीय प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख शंकर प्रसाद तिवारी को तहसील अहिवारा का, प्रभा चन्द्राकर को तहसील भिलाई-3 का तथा संतोष कुमार नागरे को तहसील धमधा का प्रभार दिया गया है। आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### मिलावट के कानून को कमजोर करना सेहत से खिलवाड़

**दुर्ग।** खाद्य पदार्थों में मिलावट पर आम आदमी पार्टी ने सवाल उठाए हैं। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि खाने-पीने की चीजों दूध, घी, पनीर सहित अन्य चीजों में मिलावट से लोग गंभीर बीमारी का शिकार हो रहे हैं। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट पर खाद्य और औषधि प्रशासन की लापरवाही एक अत्यंत गंभीर और चिंताजनक विषय है, क्योंकि यह सीधे जनता के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा हुआ मामला है। जब संबंधित विभाग, जिसका कार्य खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है, अपनी जिम्मेदारियों में लापरवाही करता है, तो मिलावटखोरों का हौसला और बढ़ जाता है। मिलावट मिलने पर गंभीरता के आधार पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है, जिससे मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं। अब उनको सजा का डर नहीं रह गया। दुर्ग में नकली खोया और सिंथेटिक दूध, नकली रिफाइंड तेल, हल्दी, मिर्ची पाउडर और धनिया पाउडर में रंग सहित अन्य प्रकार की शिकायत लगातार मिल रही हैं। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# स्वतंत्रता दिवस पर दफ्तरों में होगी रोशनी, परेड के लिए रिहर्सल 12 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन जिले में गरिमामयी एवं हर्षोल्लास के साथ जिला मुख्यालय स्थित प्रथम बटालियन दुर्ग में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9 बजे से किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अधिकारियों को विभागवार जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके अनुसार अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दुर्ग को संपूर्ण कार्यक्रम हेतु प्रभारी अधिकारी का दायित्व दिया गया है। ध्वजारोहण उपरांत जिला मुख्यालय में परेड की सलामी ली जायेगी। जिसके लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग, कमाण्डेंट होमगार्ड दुर्ग एवं कमाण्डेंट केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल भिलाई को दायित्व सौंपा गया है।

## जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 8 बजे किया जाएगा झंडारोहण

### अलग सेक्टर का किया जाएगा निर्माण

अतिथि, प्रेस, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, आम जनता, महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग सेक्टर का निर्माण कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग एवं आयुक्त नगर पालिक निगम, दुर्ग के द्वारा की जायेगी। बेरिकेटिंग के लिए आवश्यकता अनुसार बांस, बल्लियां वनमण्डलाधिकारी द्वारा प्रथम बटालियन दुर्ग में उपलब्ध करायी जाएंगी। बेरिकेटिंग का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग एवं नगर पुलिस अधीक्षक, दुर्ग के साथ समन्वय कर किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उत्पन्न गडढों की मरम्मत लोक निर्माण विभाग दुर्ग द्वारा की जायेगी। ननि दुर्ग द्वारा कार्यक्रम स्थल एवं प्रथम बटालियन दुर्ग की साफ-सफाई, पेयजल हेतु टेंकर, मोबाईल टायलेट इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। वाटरप्रुफ शामियाना एवं कुर्सियों, सोफासेट, माईक, लाउडस्पीकर आदि की व्यवस्था आयुक्त, नगर नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नपाप, नपं. धमधा अहिवारा द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम स्थल में ध्वजदण्ड, चबुतरे का निर्माण, कार्यक्रम में उपस्थित वीआईपी एवं विशिष्ट अतिथियों के लिए पेयजल एवं जलपान की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग के द्वारा की जायेगी। कार्यक्रम स्थल पर प्लास्टिक गिलास का उपयोग नहीं करने कहा गया है। सूर्यास्त के पूर्व इसे उतारने की समुचित व्यवस्था, ध्वजारोहण की सम्पूर्ण व्यवस्था रक्षित निरीक्षक, पुलिस लाईन दुर्ग के द्वारा की जायेगी।

### मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समिति बनाने तथा स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने तथा कार्यक्रम स्थल में रंगोली की व्यवस्था करने जिला शिक्षा अधिकारी को कहा गया है। मंच सजावट के लिए फूल माला, पेन्ट किए हुए एवं गुणवत्ता पूर्ण गमले की व्यवस्था, उद्यानिकी विभाग को, निर्बाध विद्युत कनेक्शन, जनरेटर आदि की व्यवस्था के लिए कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित दुर्ग को दायित्व दिया गया है। मुख्य अतिथि द्वारा संबोधन एवं मुख्यमंत्री का संदेश का वाचन किया जायेगा। संदेश पुस्तिका उप संचालक, जनसम्पर्क दुर्ग के द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। कार्यक्रम स्थल में उद्घोषक ममता ध्रुव, शिक्षा विभाग, अनिता सावंत पर्यावरण विभाग दुर्ग एवं श्रीमती उर्मिला ओझा ट्राईबल विभाग रहेगें। 15 अगस्त के अवसर पर विभागीय उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा मंच से सम्मानित किया जावेगा। जिसकी कार्यवाही सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग द्वारा की जाएगी। मंच से प्रशस्ति पत्र वितरण हेतु प्रभारी अधिकारी हितेश पिस्दा डिप्टी कलेक्टर रहेंगे।

### स्मारकों की कराएंगे सफाई

15 अगस्त के पूर्व नगर में सभी जगह, सभी महत्वपूर्ण स्मारकों की साफ सफाई सुनिश्चित कराने के लिए आयुक्त नगर निगम दुर्ग, आयुक्त नगर निगम भिलाई, महाप्रबंधक नगर प्रशासन बीएसपी भिलाई तथा समस्त नगरीय निकाय प्रमुख को दायित्व दिया गया है। पंचायत स्तर पर निर्मित जय स्तंभों की साफ-सफाई की व्यवस्था अपने-अपने क्षेत्रों में उप संचालक पंचायत दुर्ग एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सर्व द्वारा कराई जायेगी। सर्व कार्यालय प्रमुख, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सर्व जिला दुर्ग तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सर्व जिला दुर्ग को जिले के सभी तहसील, विकासखण्ड, ग्राम स्तर पर सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समारोह का आयोजन सुनिश्चित कराने का दायित्व दिया गया है। अतिथियों, अधिकारी, कर्मचारियों तथा दर्शकों के वाहनों की समुचित पार्किंग व्यवस्था उप पुलिस अधीक्षक यातायात तथा पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग करेंगे।

**खानापूर्ति : पिछले महीनेभर से चलाया जा रहा अभियान, इसके बाद भी नहीं रुक रहे कब्जे**

# अतिक्रमण हटाने के लिए दिखावे की कार्रवाई धमधा नाका, पोटिया में कब्जों की भरमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में पिछले करीब महीनेभर से अतिक्रमण को हटाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। महापौर अल्का बाघमार सहित निगम का अमला हर दिन शहर में घूम-घूमकर ऐसे अतिक्रमणकारियों के बारे में जानकारी ले रहे हैं। कार्रवाई भी की जा रही है, बावजूद इसके शहर में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। शहर के आधा दर्जन से ज्यादा जगहों पर अब भी अतिक्रमण है। मुख्य सड़कों पर ही बेखौफ कब्जे किए जा रहे हैं, पक्का निर्माण कर दुकानें संचालित की जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर विपक्ष के पार्षदों ने निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। आरोप लगाया है कि निगम द्वारा की जा रही कार्रवाई दिखावे की है और चेहरा देखकर कार्रवाई की जा रही है। जबकि शहर के धमधा नाका, पोटिया, बोरसी, पुलगांव, महिला समृद्धि बाजार, शनिचरी बाजार, सत्ती चौरा, गंजपारा से लेकर अन्य जगहों पर अब भी कब्जे हैं। राजनीतिक रसूक रखने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। कुछ वर्ग विशेष के लोगों को ही परेशान किया जा रहा है। जबकि शहर में अतिक्रमण की चपेट में शहर की लगभग सभी सड़कें हैं। स्टेशन चौक और रेलवे स्टेशन के सामने भी अतिक्रमण है। पार्किंग के इंतजाम नहीं होने से सड़क पर वाहन खड़े किए जा रहे हैं।

## कांग्रेसी पार्षदों ने लगाया चेहरा देखकर कार्रवाई करने का आरोप, विस्थापित किए जाने की मांग



### धमधा नाका क्षेत्र में एफसीआई से बायपास तक कब्जे

धमधा नाका क्षेत्र में एफसीआई से लेकर बायपास सड़क तक सड़क के दोनों पर अतिक्रमण है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने पक्का निर्माण कर लिया है। टीन शेड की मदद से अवैध गुमटी बनाकर दुकान का संचालन किया जा रहा है। इस क्षेत्र में बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई, मोटर मैकेनिक से लेकर अन्य दुकानें संचालित हो रही है। वहीं ठेले और खोमचों में सड़क पर दुकान सज रही हैं। इसी प्रकार पोटिया और पुलगांव चौक में भी अतिक्रमण है। बोरसी, विद्युत नगर सड़क पर भी अतिक्रमण किया गया है। इन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### मार्केट में अभियान चलाकर हटाया गया था अतिक्रमण

पिछले दिनों ने इंदिरा मार्केट क्षेत्र में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया था। पुराना बस स्टैंड के आसपास से सारे निर्माण तोड़ दिए गए थे। इसके अलावा अन्य कार्रवाई की गई थी। वर्तमान में इन जगहों पर पुनः अतिक्रमण शुरू हो गया है। ठेले में बैठकर दुकानें लगाई जा रही है। बता दें कि इस क्षेत्र के व्यापारियों को पहले ही दुकानें आवंटित की जा चुकी है। बावजूद इसके उनके द्वारा इस जगह पर दोबारा दुकानें लगाई जा रही है। धीरे-धीरे इस क्षेत्र में पुनः कब्जा शुरू हो गया है। इस अतिक्रमण के हटने के बाद ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त हुई थी।

### महापौर व आयुक्त ने मार्केट से अतिक्रमण हटाने दिए निर्देश



त्योहारी सीजन में इंदिरा मार्केट क्षेत्र में बढ़ने वाली भीड़ और यातायात अव्यवस्था से निपटने के लिए नगर पालिक निगम महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इंदिरा मार्केट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर और आयुक्त ने बाजार व्यवस्था, सड़क की चौड़ाई, अतिक्रमण की स्थिति और यातायात मार्ग का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे। मेयर ने इंदिरा मार्केट स्थित प्रतिमा स्थल और आसपास के क्षेत्र में दुकानों की सीमा तय करने के लिए चूना मार्किंग कराने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि कोई भी दुकानदार सड़क क्षेत्र से आगे दुकान नहीं लगाएगा। यदि किसी ने तय सीमा से बाहर दुकान लगाई, तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। दुकान को तत्काल हटाया जाएगा। सड़क घेरकर लगाए गए बड़े-बड़े पंडालों को देखकर मेयर ने नाराजगी भी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान पचरीपारा जाने वाली गली के पास अवैध रूप से बनाए गए चबूतरे को मौके पर जेसीबी मशीन से तोड़ा गया।

**निगम की कार्रवाई दिखावे की, विस्थापन दिया जाए**

निगम की कार्रवाई दिखावे की है, जिन्हें हटाया गया है, उन्हें विस्थापन दिया जाना चाहिए। इस विषय को लेकर लगातार विपक्ष के पार्षद उठाते रहे हैं। निगम में चेहरा देखकर कार्रवाई की जा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जल्द ही इस विषय को लेकर निगम में प्रदर्शन किया जाएगा।
**-संजय कोहले,** नेता प्रतिपक्ष नगर निगम दुर्ग

### औपचारिकता न निभाएं अधिकारी करें सख्त कार्रवाई : महापौर अल्का



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महापौर अल्का बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नगर निगम के डाटा सेंटर में वार्डवार इंजीनियरों के साथ शहर में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सड़कों के निर्माण, नालियों की मरम्मत एवं सफाई, डेयरी संचालकों पर कार्रवाई और पार्क क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था पर चर्चा हुई। महापौर अल्का बाघमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर के हर वार्ड में जहां भी सड़कों और नालियों की तत्काल आवश्यकता है, वहां की स्थिति का सर्वेक्षण कर सूची तैयार करें। इसके आधार पर प्रस्ताव बनाकर जानकारी के साथ दो दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाता है, महापौर ने कहा कि दुर्ग को आदर्श शहर बनाने के लिए नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। प्रदेश सरकार के निर्देशन और नगर विकास विभाग के सहयोग से सड़कों के निर्माण के साथ-साथ नाले-नालियों का निर्माण एवं मरम्मत, पार्कों की सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने इंजीनियरों को दादा-दादी और नाना-नानी पार्क की नालियों का निरीक्षण कर यह पता लगाने के निर्देश दिए कि नालियां बार-बार ब्लॉक क्यों हो रही हैं।

**प्रस्तावों में हो काम की प्राथमिकता**

जिन कार्यों की सूची सप्ताहभर पहले अधिकारियों से मांगी गई थी, उनकी पूरी जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। प्रस्तावों में कार्य की प्राथमिकता, अनुमानित लागत और अपेक्षित समयसीमा का उल्लेख होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि समय सीमा का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान डेयरी संचालकों के कारण गंदगी और अव्यवस्था पर भी चर्चा हुई। महापौर ने कहा कि नोटिस देने के बाद भी यदि नियमों का पालन नहीं किया जाता, तो अधिकारी केवल औपचारिकता न निभाएं बल्कि सख्त कार्रवाई करें।

## नेवता भोज में शामिल हुए ग्रामीण विधायक ललित



**भिलाई।** पौष्टिक खानपान, स्वच्छता, पढ़ाई और योग करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री पोषण अभियान योजना अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला, रिसाली में भूपेन्द्र बाबी दास के जन्मदिन पर आयोजित नेवता भोज कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर बच्चों को भोजन वितरण किया गया और बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिन जैसे जन्मदिन, शादी की सालगिरह सहित अन्य उत्साह के अवसरों पर हम सब मिलकर स्कूल के बच्चों के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का पौष्टिक भोजन करा सकते है या उनके भोजन में पौष्टिक भोज्य पदार्थ शामिल कर सकते है। पौष्टिक खानपान ,स्वच्छता, पढ़ाई और योग करने हेतु बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल अनुपम साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, पार्षद धर्मेंद्र भगत किशोर जोशी भूपेन्द्र बाबी दास सहित बड़ी संख्या में बच्चे एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## शालिनी वर्मा को मनोविज्ञान में पीएचडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



मैत्री कॉलेज की सहायक प्राध्यापिका शालिनी वर्मा को मनोविज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है।

उनके शोध का विषय निजी स्कूल की महिला शिक्षकों की मनोवैज्ञानिक भलाई के भविष्यवक्ता के रूप में भावनात्मक हिंसा और मुकाबला करने की रणनीतियां था।

उन्होंने गुरप्रीत कौर छाबड़ा और डॉ. बसंत सोनबेर के मार्गदर्शन में शोध पूरा किया। शालिनी वर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में पहले ही पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर ली थी। यह उनकी दूसरी पीएचडी है। शालिनी वमी के पति हिमांचल प्रसाद बीएसपी के मार्स वन विभाग में डिप्टी मैनेजर हैं।

## मानसिक विकास के लिए विद्यार्थियों को बांटा गया 4 हाउस में, करेंगे प्रतिस्पर्धा

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालयमें अध्ययनरत स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को 4 पृथक-पृथक हाउस में विभक्त किया गया है। इन 4 हाउस के मध्य आपस में वर्षभर रचनात्मक प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। संयोजक डॉ. राकेश तिवारी एवं सह-संयोजक लक्ष्मेन्द्र कुलदीप ने बताया कि विद्यार्थियों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति स्नेह एवं समर्पण की भावना जागृत करने इन 4 हाउस को स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के नाम पर ही रखा गया है। प्रथम हाउस का नाम भगत सिंह हाउस, द्वितीय हाउस चंद्रशेखर आजाद हाउस, तृतीय सुभाषचंद्र बोस व चतुर्थ हाउस का नाम विवेकानंद हाउस रखा गया है।

■ विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को उभारने का है उद्देश्य

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि इन 4 हाउस को गठन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को उभारने अवसर प्रदान करना है। इन 4 हाउस में विभक्त विद्यार्थी आपस में स्वस्थ्य स्पर्धा द्वारा अपनी क्षमता को प्रदर्शित करेंगे। कालेज में आयोजित होने वाली गतिविधियों में रचनात्मक सहयोग भी देंगे। प्रत्येक हाउस की गतिविधियों के सफल संचालन के लिए 7-7 नियमित एवं अतिथि प्राध्यापकों को भी प्रभारी के रूप में दायित्व सौंपा गया है। हाउस के प्रभारी प्राध्यापक एवं विद्यार्थी 8 अगस्त को आयोजित होने वाले विश्व आदिवासी दिवस समारोह में सहभागिता निभाएंगें। डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न गतिविधियों चित्रकला, मूर्तिकला, ड्राइंग, रंगोली, वाद-विवाद, भाषण, परिचर्चा, एकल एवं समूह नृत्य, एकल एवं समूह गान आदि द्वारा प्रतिभागी अपनी दक्षता को प्रदर्शित करेंगे।

## जागरुकता शिविर में स्वास्थ्य, पोषण व डिजिटल सुरक्षा पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत स्तनपान सप्ताह के अवसर पर प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जांबुलकर एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

■ प्रयास स्कूल में स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ. ओमेश खुराना ने स्तनपान की आवश्यकता, जन्म के पहले छह माह तक केवल माँ के दूध की महत्ता तथा पहले पीले गाढ़े दूध (कोलेस्ट्रम) के पोषण संबंधी लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने खेलों के माध्यम से बच्चों और उपस्थित जनों को यह भी समझाया कि माँ के दूध का कोई विकल्प नहीं है, और यह जच्चा-बच्चा दोनों के लिए संपूर्ण पोषण का स्त्रोत है। इसके साथ ही लेखराम ध्रुव द्वारा वित्तीय प्रबंधन एवं ऑनलाइन डिजिटल सुरक्षा के विषय में जानकारी दी गई। अजय कुमार साहू ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण और करियर की दिशा तय करने पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही विभाग की प्रमुख योजनाओं जैसे-महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मिशन शक्ति, सखी वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 और कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा आदि की जानकारी साझा की। मौके पर विनिता गुप्ता, लक्ष्मीकांत यादव, आदि मौजूद थे।

**कांग्रेस ने लगाया आरोप, भाजपा सरकार ने जनता को दिया आर्थिक करेंट का झटका**

# हाफ बिजली योजना बंद, कांग्रेसी लालटेन लेकर आज दफ्तर में करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कांग्रेस ने राज्य की भाजपा सरकार पर बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने का आरोप लगाते हुए इसे जनता के साथ बड़ा अन्याय बताया है। विरोध में प्रदेशव्यापी प्रदर्शन के तहत 7 अगस्त को शाम 4 बजे दुर्ग में मुख्य बिजली ऑफिस के सामने कांग्रेस कार्यकर्ता लालटेन लेकर प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान राज्य सरकार का पुतला फूंककर बिजली के दरों में लगातार वृद्धि और बिजली बिल हाफ योजना को बंद किए जाने का विरोध जताया जाएगा। कांग्रेस ने लालटेन लेकर प्रदर्शन के माध्यम से जनता को राज्य सरकार में फिर लालटेन युग की शुरुआत होने का संदेश पहुंचाने का निर्णय लिया है।

■ राज्य सरकार का पुतला जलाकर करेंगे विरोध

जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रभारी कमलाकांत शुक्ला ने मीडिया से चर्चा के दौरान उक्त बातें कहीं। राकेश ठाकुर ने कहा कि मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले का ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया गया है। इससे प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हॉफ योजना से वंचित हो गए हैं। भाजपा की सरकार ने प्रदेश की जनता को छला है, जबकि कांग्रेस ने 400 यूनिट तक हॉफ बिजली योजना में लाभ दिया।



### पहले बिजली दरों में बढ़ोतरी, अब मिलने वाली छूट खत्म की गई

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 100 यूनिट से अधिक बिजली खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा और 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना जारी रखी। जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था, जिसे 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रु. तक की बचत हुई है। कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किए गए 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ के दायरे में प्रदेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था।

### बिजली की दरों में चौथी बार की गई बढ़ोतरी

पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाए थे। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट व गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई थी। डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढोतरी की है। मीडिया से चर्चा के दौरान पूर्व महापौर आरएन वर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव अय्यूब खान, कांग्रेस प्रवक्ता नासिर खोखर, कांग्रेस नेता परमजीत सिंह भुई, ओनी महिलांग, कांग्रेस नेत्री रत्ना नारमदेव भी मौजूद रहे।

### अडानी के सोलर पैनल को घर-घर पहुंचाने का खेल

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य की भाजपा सरकार ने सोलर पैनल को प्रोत्साहन देने की आड़ में उद्योगपति अडानी को फायदा पहुंचाने बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने का जनविरोधी फैसला किया है। ऐसे निर्णय को कांग्रेस कभी बर्दास्त नहीं करेगी। इसका हर मोर्चे पर विरोध किया जाएगा। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि पिछले 2 वर्षों से राज्य की विष्णुदेव साय सरकार सभी वर्गों को बराबर झटका दे रही है। बिजली दरों को लेकर जनता को चौथी बार बड़ा झटका लगा है। बिजली बिल हाफ योजना को बंद करना राज्य की भाजपा सरकार का अन्यायपूर्ण कदम है। राज्य सरकार द्वारा 100 यूनिट की खपत के भीतर बिजली बिल हाफ करने का जो निर्णय लिया गया है, इसका किसी भी वर्ग को लाभ नहीं मिलने वाला है। बिजली ऑफिस में लालटेन प्रदर्शन के माध्यम से मांग की जाएगी कि राज्य सरकार जनता को आर्थिक करेंट का झटका देना बंद करे।



# निकुम सरकारी अस्पताल में मरीज हो रहे परेशान, सुनने वाला कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

निकुम के सरकारी अस्पताल में अव्यवस्था बीते दशक से जस की तस बनी हैं।जनप्रतिनिधियों की अनदेखी और अधिकारियों के मुंह मोड़ने से पूरा स्वास्थ्य सिस्टम फेल हो चुका है। जिला मुख्यालय से महज 25किमी दूर सी एच सी निकुम स्वास्थ्य सुविधा बदहाल है, अस्पताल सुबह 8 बजे ओपीडी शुरू होना चाहिए, लेकिन स्टॉफ नर्स ही समय पर पहुंचते है, बाकी तकरीबन 10 बजे तक आते हैं। दोपहर के बाद तो अस्पताल में सन्नाटा रहता है वहीं अस्पताल में दर्जन भर शौचालय है, लेकिन कही टूटे दरवाजे, तो कही पानी की कमी है।

बरसात के मौसमी बीमारी और सड़क हादसे के केस ज्यादा आते है, लेकिन सुविधा ठीक नहीं होने के कारण मरीज का अस्पताल से भरोसा उठ कर जाना मजबूरी व आदत बन गई है। समीपस्थ जिला होने के कारण बालोद जिले के दर्जन भर गांव निकुम आते है, फिर भी स्वास्थ्य विभाग इस क्षेत्र की उपेक्षा कर रहा है। क्षेत्र की जनता जनप्रतिनिधियों अधिकारियों से शिकायत करते-करते थक गए लेकिन अस्पताल का सिस्टम बदहाल है। पूर्व में समाजसेवी सुरेश साहू ने सीएम जनदर्शन में शिकायत की थी लेकिन अब तक असर नहीं हुआ है। सुरेश साहू फिर से शिकायत करने रायपुर जाएंगे।

## समय पर नहीं पहुंचते कर्मचारी, रेफर सेंटर बना निकुम अस्पताल

### एमबीबीएस डॉक्टर नहीं होने से मायूसी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकम में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी बनी है, जिसके कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोरई, नगपुरा, नंदकट्ठी और खुरसुल सहित कई पीएच सी के चिकित्सक आते है, कई बार अंडा पुलिस अपराधिक मामले में एम एल सी कराने निकुम आती है, लेकिन एम बी बी एस डॉक्टर नहीं होने से मायूस होकर लौटना पड़ता है, वही डॉक्टर की कमी के कारण मजबूरी में मरीजों को संजीवनी 108से रेफर करना आदत बन गई है, समुचित इलाज नहीं होने को लेकर ग्रामीण कई बार नारे बाजी और शिकायत कर के थक गए। ग्राम निकुम के सरपंच भागवत पटेल ने बताया कि विधायक को शिकायत किए हैं। जीवन दीप समिति के सदस्य तुलेश साहू ने बताया कई बार बोल कर थक गए लेकिन व्यवस्था सुधर नहीं रही है। यहां चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आया, स्वीपर और वार्ड ब्वाय की कमी है। वही स्वास्थ्य कर्मचारी ड्रेस कोड का भी पालन नहीं करते हैं। निकुम गौठान से उधारी का पानी आता है, कई पेयजल की कमी होती है, वहीं शेड नहीं होने के कारण वाहन धूप, बारिश में खुले आसमान में रहते हैं।




### समय पर नहीं मिलता इलाज, नहीं रहते डॉक्टर

अटल नगर निकुम के नारायण साहू अपनी 50 वर्षीय पत्नी को दस्त लगने पर यहां इलाज कराने पहुंचे। डॉक्टर नहीं होने के कारण स्टॉफ नर्स ने दर्द से कराह रही महिला मरीज को घंटों बैठा दिया , उसके बाद ड्रिप लगाया। वही महिला वार्ड व अस्पताल में बिजली वायरिंग सिस्टम भी खराब है। जिसके कारण कूलर सिर्फ शो पीस बन कर रह गए है। शौचालय में वाटर सिस्टम बेकार हैं, सिर्फ एक प्लास्टिक की बाल्टी रखी है। समय रहते मरीजों को सुविधा नहीं मिल पा रही है।

### वाहवाही का राग अलाप रही भाजपा सरकारः पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू

दुर्ग ग्रामीण के पूर्व विधायक व मंत्री रहे ताम्रध्वज साहू ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में बीते 19माह बीत जाने के बाद भी सत्ता धारी भाजपा सरकार मोदी की गारंटी की माला रटते हुए छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता के सामने सुशासन की ताल ठोक रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की साय सरकार सिर्फ तमाशबीन बनकर पूरी प्रशासनिक व्यवस्था पर धृतराष्ट्र नीति पर कार्य कर रही है। जनता व सभी वर्ग परेशान है। अब जनता अपने को छला महसूस कर रही हैं।

### मामले की जानकारी लेंगे-कहा विधायक ने

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि वे इस पूरे मामले की जानकारी लेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व जीवन दीप समिति में स्पष्ट और सख्त निर्देश दिया गया था कि मरीजों को बेहतर सुविधा मिले।

### व्यवस्था ठीक करेंगेः डॉ. एन. एल बंजारे

निकुम सी एच सी बी एम ओ, डॉ. एन. एल बंजारे ने कहा कि अस्पताल की व्यस्था को बिल्कुल ठीक करेंगे, समय पर कर्म चारी ड्यूटी पर पहुंचे इसके स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### मांगलिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंजगिरी मांगलिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर गीता ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत जंजगिरी, पंच कमलेश ठाकुर. किशोर देशमुख पंच. ओझा,तारक, राकेश बंजारे, सांसद मनोज गोलू चंद्राकर,सूरज हिरवानी. शैलेन्द्र हिरवानी, टिकेश देशमुख एवं गाव के ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### घुघवा में 66 बच्चों का किया नेत्र परीक्षण



**सेलूद।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत स्वामी आत्मानंद विद्यालय घुघुवा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में अध्यनरत बच्चों का नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन खण्ड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ बी कठौतिया के निर्देशन में किया गया। जहां पर उपस्थित कुल 66 बच्चों का नेत्र परीक्षण नेत्र सहायक अधिकारी योग्या बंडी के द्वारा किया गया। जिसमें स्कूल स्टॉफ का पूर्ण सहयोग मिला। जांच में तीन बच्चे विटामिन -ए की कमी के पाए गए तथा पांच बच्चे दृष्टि दोष से पीड़ित पाए गए। जिनका निशुल्क चश्मा जिला अंधत्व समिति दुर्ग के द्वारा प्रदाय किया जाएगा। इसके साथ साथ नेत्र सहायक अधिकारी योग्या बंडी ने उपस्थित समस्त बच्चों को नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताएं। उन्होंने बताया कि बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में विटामिन ए युक्त खाद्य पदार्थों जैसे गाजर पपीता पालक मक्खन ,मुनगा और मुनगा भाजी आदि का सेवन करना चाहिए। साथ ही वर्तमान समय मे बच्चो को मोबाईल एवं टीवी के लाभ एवं हानि को बताते हुए संतुलित रूप में उपयोग करने का सलाह दी । शिविर में स्वास्थ्य विभाग से आरएचओ प्रीति वर्मा एवं यामिनी सोनवानी भी उपस्थित रहे।

## करोड़ों की संपत्ति बेकार, ग्रामीण आजीविका खतरे में

# गोधन न्याय योजना का बंटाधार हो रहा ग्रामीण क्षेत्रों में, जांच में सदस्यों को दिखी कई खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

ग्राम पंचायत रिसामा (जनपद पंचायत दुर्ग) में पूर्ववर्ती सरकार की महत्त्वाकांक्षी ₹गोधन न्याय योजना₹ के तहत निर्मित गौठान का निरीक्षण जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की उपस्थिति में किया । इस निरीक्षण में सदस्यों ने न केवल खामियों को उजागर किया, बल्कि वर्तमान सरकार की नीतियों के जरिए ग्राम पंचायतों के संवैधानिक अधिकारों को सीधे प्रभावित करने का आरोप भी लगाया। निरीक्षण में जनपद सदस्य ढालेश साहू, सरपंच रोशन साहू, गौठान समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश धीवर एवं पंचगण – माधुरी साहू, अनिता शर्मा, वंदना साहू, काल्याणी पटेल, नंदनी माहरा, राही निषाद, ओम धीवर, मुकेश साहू, भूपेन्द्र साहू और मना साहू सहित दर्जनों ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## संवैधानिक अधिकारों को प्रभावित करने का लगाया आरोप



### बंद पड़ी योजनाएं, वीरान पड़े संसाधन

निरीक्षण के दौरान सदस्यों ने बताया कि कि गोधन न्याय योजना के तहत बकरी पालन, मुर्गी पालन, डबरी, वर्मी टैंक, पशु शेड, अजोला टैंक, कचरा पृथक्करण केन्द्र, सब्जी बाड़ी, चारागाह, बोरवेल, डोमशेड व वर्कशेड जैसे लगभग 20 से अधिक स्थायी ढांचों का निर्माण किया गया था। लेकिन योजना को वर्तमान सरकार द्वारा अचानक बंद कर देने के कारण ये सभी संसाधन आज वीरान पड़े हैं— न संचालन, न देखरेख, न उपयोग।

### शासन के आदेश और पंचायत अधिकारों की अनदेखी

निरीक्षण के बाद ढालेश साहू ने शासन के आदेश क्रमांक पं./एजा/वि/22/2019/461 दिनांक 01.10.2019 एवं आदेश क्रमांक 312/2020/56 दिनांक 07.02.2020 का हवाला देते हुए बताया किः छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 49 (29) के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में ₹ग्राम गौठान समिति₹ और ₹ग्राम गौठान प्रबंधन समिति₹ का गठन अनिवार्य है। इन समितियों में सरपंच, पंच, स्थानीय स्वयंसेवी, कृषक, पशुपालक, आजीविका समूहों के सदस्य शामिल होते हैं। यह समितियाँ ग्राम सभा के अनुमोदन से संचालित होती हैं और ग्राम पंचायत की अर्थव्यवस्था का हिस्सा होती हैं। ऐसे में बिना ग्राम सभा की सहमति, बिना कोई वैधानिक संशोधन, सरकार द्वारा योजना को बंद करना संविधान और पंचायत राज अधिनियम का सीधा उल्लंघन है।

### ग्राम सभा को निष्क्रिय बनाना संविधान के विपरीत

सदस्यों ने निरीक्षण के दौरान कहा कि ग्राम सभा भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद है, जो पंचायत को योजनाओं में निर्णय का अधिकार देती है। गौठानों की बंदी न केवल ग्राम सभा के निर्णय को नजरअंदाज करना है, बल्कि संविधान की 73वीं अनुसूची का अपमान है। ढालेश साहू ने यह भी कहा सरकार को स्पष्ट करना होगा कि क्या वह संविधान से ऊपर है? पंचायतों को अधिकार देकर अगर योजनाएँ बनाई जाती हैं और बाद में उसे बिना ग्राम सभा की अनुमति के बंद किया जाता है, तो यह तानाशाही है।₹ रिसामा का गौठान आज पूरे प्रदेश के गांवों की वास्तविकता दर्शा रहा है। जहाँ कभी ग्राम विकास की आशा थी, वहां अब उपेक्षा और जर्जर ढांचे बचे हैं। सरकार को चाहिए कि वह पंचायतों के अधिकारों को राजनीतिक नहीं, संवैधानिक दृष्टि से देखना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज की महिलाओं ने मनाया हरेली उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज महिला नगर इकाई द्वारा वार्ड क्र. 3 कुर्मी भवन में हरेली उत्सव एवं डॉ. खूबचंद बघेल की 125 वीं जयंती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दुर्गराज के राजप्रधान ईश्वरी वर्मा ने अपने सम्बोधन में डॉ. खूबचंद बघेल की जीवनी से सम्बंधित जानकारी समाज के लोगों को सविस्तार पूर्वक दी।अध्यक्षता कर रही कुम्हारी नगरपालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने समाज स्वजातियों को हरेली उत्सव की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वरिष्ठ भाजपा नेता व नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज वर्मा ने समाज के क्रियाकलापों की संपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि समाज के अनेक महापुरुषों ने अपना श्रेष्ठ योगदान देकर समाज की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। उनका स्मरण करते हुए परस्पर सहयोग से सामाजिक सुदृढ़ता को बनाए रखते हुए एकजुट होकर आगे बढ़ें। आयोजन में समाज के बच्चों, युवाओं तथा महिलाओं ने अनेक कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समाज के मुख्य रूप से विजय वर्मा, गोविन्द बघेल, अनुज वर्मा, दिनेश वर्मा, नगर महिला अध्यक्षा योगिता वर्मा, वीणा वर्मा, नंदिनी वर्मा, पुष्पा वर्मा, गोंदा वर्मा, गंगा वर्मा, राधा वर्मा, रेवती वर्मा, सरिता बिजौरा, रिंकू वर्मा, कीर्ति वर्मा, चित्रलेखा वर्मा, दीपक वर्मा, गोकुल वर्मा, उर्वशी वर्मा एवं शांति वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

■ डॉ. खूबचंद बघेल के कार्यों का किया स्मरण

## बिजनेस साइट

### डीएवी मॉडल कॉलेज की छात्रा ने मारी बाजी



**भिलाई।** डीएवी मॉडल कॉलेज, आर्य नगर, धमधा रोड दुर्ग बीएड पाठ्यकम के द्वितीय सेमेस्टर 2025 में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जहां आस्था अग्रवाल 87.33% प्रथम स्थान, श्रेया 86.66% द्वितीय स्थान, देबोलीना कुमार 86.44% तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय में अध्ययनरत 98 छात्र में सभी छात्र उत्तीर्ण हुए इस प्रकार कॉलेज का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा, जिसमें 54 छात्र 80% से अधिक अंक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किए एवं सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। डायरेक्टर विनीत बंसल, नें छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ दी इसमे हमारे शिक्षकों का भी बहुत बड़ा योगदान रहा। महाविद्यालय के सचिव संतोष शर्मा, उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ पुष्पा पाण्डेय, सहा. प्राध्यापक उषा साहू, मधु यादव, एल. शाने विजय, ज्योति सिंह, प्रियंका मिश्रा, सिम्पल शर्मा, दामिनी साहू, उर्वशी साहू ने छात्रों को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

## अफसरशाही के आरोपों पर सभापति बोले- कांग्रेस की राजनीतिक नौटंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

जनपद पंचायत पाटन में इन दिनों सियासी पारा चढ़ा हुआ है। कांग्रेस जनप्रतिनिधियों द्वारा अफसरशाही के आरोप लगाने के बाद अब जनपद पंचायत के सभापति खेमलाल देशलहरे ने मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए कहा कि ₹जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, जबकि सच्चाई इससे कोसों दूर है। देशलहरे ने कहा कि अनुमानित राशि के आधार पर योजनाएं बनाई जाती हैं, फिर उनकी स्वीकृति के बाद राशि जारी होती है। अभी राशि आई नहीं है, लेकिन अगस्त के अंतिम सप्ताह या सितंबर के प्रथम सप्ताह में पंचायत, जनपद और जिला – तीनों स्तर पर राशि एक साथ प्राप्त होगी। देशलहरे ने कहा कि कांग्रेस के कुछ जनप्रतिनिधि जनता को भ्रमित करने की साजिश कर रहे हैं। प्रक्रियाओं की जानकारी होते हुए भी झूठा माहौल बना रहे हैं। यह साफ तौर पर राजनीतिक लाभ के लिए किया जा रहा है।



**क्या है हकीकतः** खेमलाल देशलहरे ने बताया कि अधिकांश योजनाएं अभी प्रस्ताव के स्तर पर हैं, जिनकी राशि केंद्र और राज्य सरकार से निर्धारित समय पर आती है। इसके पहले ही विरोध करना या अधिकारियों पर आरोप लगाना जनहित में नहीं, बल्कि स्वहित में है।

## अकादमिक प्रगति और परीक्षाओं सहित कई मुद्दों पर बैठक में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर मे मेगा पालक शिक्षक बैठक आयोजित की जा रही है। इसके लिए अभिभावकों को अलग से आमंत्रण पत्र जारी कर बैठक में मौजूद रहने की अपील जा रही है। बैठक में प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत ने बताया कि नौनिहाल निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश, छात्रवृत्ति और मध्यान्ह भोजन जैसी अन्य सुविधाओं का लाभ लेते हुए शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। बच्चों की शैक्षणिक प्रगति एवं भविष्य की संभावनाओं को तराशने में पालको का सहयोग अपेक्षित और अनिवार्य है। सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार ने बताया कि पालकों को बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा का महत्व बताया गया है। बैठक में ऋतिका देवांगन ने विनायकपुर और डिम्पल पटेल ने आमटी का इतिहास बताया। अमरीका ढीमर ने कविता सुनाई।इस बैठक में टीकेंद्र चंद्राकर ने 12 मुद्दो पर प्रमुखता से चर्चा की। जिनमें मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक और बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा शामिल है। संकुल समन्वयक उषा सिन्हा ने भी बच्चों की पढ़ाई लिखाई व उनके पढ़ाई के माहौल को बनाए रखने पालकों को कहा। इस कार्यक्रम में शाला से नरेश गायकवाड, प्रेमलता योगी, एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष मोतीलाल मार्कण्डेय, स्मृति सोनी, भामिनी महार, उपसरपंच शशि ठाकुर, त्रेता चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, गोदावरी देवांगन, ललित बाई साहू, मंजुलता धनकर, जगन्नाथ देवांगन, प्रीतिमाला देवांगन, उपेन्द देशमुख आदि उपस्थित थे।

■ शाउमा विद्यालय विनायकपुर में मेगा पालक-शिक्षक बैठक आयोजित की



### विश्व स्तनपान दिवस पर निकाली रैली

**सेलूद।** महिला बाल विकास परिक्षेत्र औरी द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला अमेरी मे विश्व स्तनपान दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें रैली, निबंध प्रतियोगिता एवं स्तनपान का महत्व ,मासिक धर्म पर चर्चा एवं मासिक धर्म आधारित विडियो प्रदर्शन जैसी गतिविधियां हुई। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निबंध प्रतियोगिता में प्रथम तीन एवं 10 बच्चियो को पुरस्कृत किया गया । स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीडी वेक्सीनेशन किया गया। स्कूल शिक्षा व विभाग के संकुल समन्यवक , खिलेश वर्मा , प्रधानपाठक देवलाल पटेल ,अरुण मरकाम ,मुकेश वर्मा, टिकेश्वरी वर्मा , महिला एवं बाल विकास की पर्यवेक्षक माधुरी वर्मा , आंगनबाडी कार्यकर्ताओं अनुसुइया वर्मा, किरण चन्द्राकर , जयंती वर्मा, कला वर्मा स्वास्थ्य विभाग सीएच रश्मि वर्मा और मुनीश साहू उपस्थित थे।

## शासकीय चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय पाटन में हुआ आयोजन

# दीक्षारंभ में विद्यार्थियों को दी पाठ्यक्रम की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के तहत प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ का कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश निक्की भाले अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन थे। विशिष्ट अतिथि रानी बंछोर अध्यक्ष भाजपा मंडल पाटन एवं निशा सोनी उपाध्यक्ष नगर पंचायत पाटन थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा ने की। इस अवसर पर कुमारी दीपांजली ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की । छात्र सुमित देवांगन ने छत्तीसगढ़ राजगीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा ने स्वागत उद्बोधन में दीक्षारंभ के पारंपरिक महत्व को बतलाते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि निशा सोनी एवं रानी बंछोर ने नवप्रवेशित छात्रों को शुभकामना देते हुए शिक्षा के महत्व एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि योगेश निक्की भाले ने प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों की प्रत्येक समस्या का समाधान करने का आश्वासन देते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रभारी डॉ. गौरव शर्मा विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग ने विद्यार्थियों को सेमेस्टर की शिक्षा पद्धति, विषयों के चुनाव, आदि की जानकारी दी। प्रभारी डॉ अरुणा साव ने सेल से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की । वही क्रीडा प्रभारी जितेंद्र कुमार मंडावी ने स्पोर्ट्स एवं डॉ एस. के. भारती विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग ने ग्रंथालय के संबंध में विद्यार्थियों को सविस्तार जानकारी दी। कार्यक्रम में नेहा वर्मा सभापति नगर पंचायत पाटन, केवल देवांगन, जितेंद्र निर्मलकर, चंद्र प्रकाश देवांगन, योगेश सोनी, केशव बंछोर भी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. गौरव शर्मा एवं आभार प्रदर्शन श्री बी .एम साहू ने किया।

■ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों से अवगत कराया लोगों को




**सक्सेशन सर्टिफिकेट मिलने के लिए की हुई दरख्वास्त का नोटिस इण्डियन सक्सेन एक्ट सन् 1925 दफा 373 (1)**

मिसलेनियम ज्यु. केस नं. Succession 61/25
पेशी तारीख 23.08.2025

**न्यायालय श्रीमानः- श्रीमती कामिनी जायसवाल तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)**

**सायलः-** योगेश्वरी साहू, म.नं. 178/1 वार्ड न. 11 भाठापारा, कोड़िया जिला दुर्ग (छ.ग.)

**बनामः-** भारतीय डाक विभाग, द्वारा प्रधान डाकपाल जिला दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) व आम जनता

क्योंकि सायल में मृत **शहीद उमेश कुमार साहू** के कर्जा और सिक्यूरिटी के विषय में सक्सेशन सर्टिफिकेट मिलने के लिए इस अदालत में दरख्वास्त पेश की है और क्योंकि उस दरख्वास्त की सुनवाई तारीख 23 माह 08 सन् 2025 ई. को दिन के 11 बजे होगी।

हम तुम्हे ताकीद करते हैं कि यदि मृतवकिफ की जायदाद में तुम्हें कुछ हक हासिल है ऐसा तुम दावा रखते हो तो तुम उस तारीख को हक्क की कैफियत के साथ हाजिर हो जाओ, यदि तुम हाजिर नहीं होवोगे तो उस दरख्वास्त की सुनवाई तुम्हारी गैरहाजिरी में होगी।

आज तारीख 01 माह 08 सन् 2025 को अदालत की मोहर में जारी किया गया।

मुहर

**श्रीमती कामिनी जायसवाल**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)**

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCA AICTE Approved
BCom
MCom
MSW
MA Hindi
DCA
PGDCA
B.Lib
PG Diploma in YOGA
BEd
DElEd
BSc BEd
MSc Physics & Chemistry Computer Science
Anda, Durg
✆ : 9575037637, 6265377477

# बोरसी रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज निर्माण में हो रही लेटलतीफी

**बारिश के दौरान ब्रिज में भरा पानी, नाली में अब तक शुरू नहीं हुआ जाली बिछाने का काम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हरिभूमि सरोकार

बोरसी में दुर्ग दल्लीराजहरा रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज निर्माण कार्य में देरी के चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे वहां सुबह शाम जाम के हालात बन रहे हैं। डेढ़ साल बाद भी अंडरब्रिज का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। अन्य अंडरब्रिजों की तरह बोरसी ब्रिज में भी बरसात में जलजमाव की समस्या शुरू हो गई है।

बोरसी रेल फाटक में करीब डेढ़ साल पूर्व अंडरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, लेकिन अब तक काम पूरा नहीं हो पाया है। ब्रिज का लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा हो गया है, लेकिन आगे का काम समय पर नहीं होने से यह समस्या सामने आ रही है। पानी निकासी के लिए नाली में जाली, सड़क, पेंटिंग आदि कार्य बाकी है। इस दौरान भिलाई के चंद्रा, प्रियदर्शिनी व नेहरू नगर अंडरब्रिजों की तरह इस अंडरब्रिज के अंदर भी जलजमाव की समस्या पैदा हो रही है। पिछले दिनों हुई बारिश से पानी ब्रिज में भरा हुआ है । करीब दो फीट पानी यहां जमा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ब्रिज निर्माण का काम बंद है। पहले भी काम रुक रुक कर चल रहा था।



### ड्यूटी टाइम में जाम के हालात

बोरसी रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं होने से दल्ली राजहरा लाइन पर गाड़ियों की आवाजाही के दौरान गेट बंद रहता है। इस दौरान वाहनों का लंबा जाम लग जाता है। ड्यूटी व स्कूल कालेज के टाइम लोगों को खासी परेशानी हो रही है। सुबह शाम जाम के हालात बनते रहते हैं। इस अंडरब्रिज के बन जाने से वाहन चालकों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल जाएगी। क्षेत्रवासियों ने जल्द ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है।



## खबर संक्षेप

### सीएम से डीआईसी महापात्रा ने की भेंट



**भिलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को रायपुर में मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भिलाई इस्पात संयंत्र के नवनियुक्त निदेशक चित्त रंजन महापात्र ने सौजन्य मुलाकात की।
उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने भी महापात्र को शुभकामनाएँ दीं। निदेशक प्रभारी ने सीएम से बीएसपी के विस्तारीकरण में सहयोग देने का अनुरोध किया। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार व संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### रागिनी देवी के मूर्ति स्वरूप की स्थापना आज



**दुर्ग।** उरला में जगतारण काली दुर्गा मंदिर के निर्माण और गुरु की पत्नी गुरु माता रागिनी देवी के मूर्ति स्वरूप की स्थापना उरला में 7 अगस्त को दोपहर 12 होगी। बाईपास रोड उरला में प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रथम पुण्य तिथि पर स्थापित प्रतिमा की स्थापना बाबा महाकाल के पुजारी पं. भूषण गुरु और गोपाल महाराज द्वारा की जाएगी। दोपहर 12 बजे से शांतिभोज होगा। मंदिर समिति से जुड़े गुलाब सिंह, आकाश, चंद्रशेखर, बबीता सहित अन्य ने बताया कि मातारानी महाकाली एवं बाबा महाकाल का विशाल मंदिर बनाकर माया रुपी संसार को त्याग दिया था। इसके बाद उनकी प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

### धमकाने वाला पकड़ाया



**भिलाई।** लोगों को हथियार लेकर धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नदी रोड नयापारा तिराहा गंजपारा दुर्ग के पास एक युवक धारदार चाकू लेकर लोगों को धमका रहा था। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी वार्ड 31 आपापुरा दुर्ग निवासी मोह. अफज़ल खोखर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने चाकू व नगदी तीन सौ रुपए बरामद किया है।

**बेखयाली : यूरोप व एशिया के स्टील प्लांट में बने हैं बड़े गोडाउन व कंटेनर**

# खुले में पड़ा रहता है कीमती रॉ-मटेरियल, बीएसपी सहित सेल में सुरक्षित रखे जाने की नहीं है योजना


**हवा, बारिश और डस्ट से प्रभावित होने का अंदेशा, संसदीय कमेटी ने योजना बनाने दिया था सुझाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के सभी संयंत्रों में कीमती रॉ-मटेरियल्स को खुले वातावरण से बचाने की समस्या साठ साल बाद भी बनी हुई है। मटेरियल को सुरक्षित रखने के लिए सेल और लोकल प्रबंधन द्वारा अब तक कोई योजना नहीं बना पाने के चलते कंपनी और वर्कर्स दोनों को ही कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी के साथ सेल की सभी यूनिटों में इस्पात निर्माण के लिए कई तरह के कच्चे माल का उपयोग किया जाता है। करीब दर्जनभर रा मटेरियल अत्यधिक कीमती होने के साथ स्टील की गुणवत्ता को भी मजबूत करता है। सेल व यूनियन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक स्टील निर्माण के लिए आयरन ओर,इम्पोर्टेट व लोकल कोल, डोलोमाइट, लाइम स्टोन, फेरो एलाय, फेरो मैंगनीज, सिलिको मैगनीज आदि कच्चा माल विभिन्न खदानों से प्लांट पहुंचता है। लेकिन संयंत्र निर्माण के साठ साल बाद भी विदेश के बड़े प्लाटों की तरह बीएसपी सहित सेल की किसी भी यूनिट में बहुमूल्य रा मटेरियल्स को सुरक्षित रखे जाने के लिए गोडाउन, बड़े कंटेनर या केमिकल स्प्रे आदि की योजना नहीं है। इसके चलते विभिन्न प्रकार का हजारों टन रा मटेरियल प्लांट के अंदर खुले स्थानों में में कई दिनों तक पड़ा रहता है। और खुले वातावरण का प्रभाव में रहता है। हवा, अंधड़ पानी, धूल, धूप आदि का दुष्प्रभाव इन मटेरियल्स पर पड़ने इसकी क्वालिटी पर असर पड़ने का अंदेशा बना रहता है।

जानकार सूत्रों के मुताबिक चायना,कोरिया, जापान, आस्ट्रेलिया, रुस यूक्रेन और अमेरिका के बड़े स्टील प्लांटों में रा मटेरियल्स को सुरक्षित रखने के लिए बड़े बड़े गोडाउन, कंटेनर व केमिकल स्प्रे आदि के प्रबंध हैं।



### बीएसपी में इन खदानों से आता है कच्चा माल

बीएसपी में लाखों टन कीमती रा मटेरिल्स विभिन्न खदानों से आता है। मिलों और ब्लास्ट फर्नेस आदि में स्टली निर्माण के लिए उपयोग के पहले तक यह यार्ड के निकट खुले में रखा रहता है। हवा, डस्ट, बारिश का प्रभाव पड़ता है। यहां आयरन ओर दल्ली राजहरा, कोल आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड, डोलोमाइट हिर्री व मंडला माइंस,लाइम स्टोन कोटेश्वर व नंदिनी माइंस और फेरो एलाय चंद्रपुर महाराष्ट्र से आता है।

### सुझाव पर नहीं हो पाया अमल

गौरतलब हो कि वर्ष 2001-2 में बीएसपी और बोकारो स्टील प्लांट विजिट के दौरान संसदीय कमेटी ने रा मटेरियल को हवा व डस्ट से बचाने के लिए योजना बनाए जाने का सुझाव उच्च प्रबंधन को दिया था। इसके बाद सेल के अधिकारी संगठन द्वारा भी कच्चे माल को सुरक्षित रखे जाने की योजना बनाने का सुझाव दिया था।

### योजना का मिलेगा लाभ

बीएसपी सहित सेल की सभी यूनिटों में बहुमूल्य कच्चे माल को खुले वातावरण से बचाने के लिए योजना बन जाने से बारिश व डस्ट से इसकी सुरक्षा हो सकेगी। साथ ही इसकी ढुलाई आदि में वर्कर्स और प्रबंधन को अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। इससे सेल के 31 मिलियन टन उत्पादन विस्तार के लक्ष्य के साथ सेलेबल स्टील की डिमांड विश्व बाजार में बढ़ेगी।

## अयोध्या के लिए विशेष ट्रेन विधायक ने दिखाई हरी झंडी



**दुर्ग।** मुख्यमंत्री तीर्थ योजना अन्तर्गत दुर्ग रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के दर्शन हेतु रवाना होने वाली विशेष श्रद्धालु ट्रेन को जनप्रतिनिधियों ने हरि झंडी दिखाकर विधिवत रवाना किया। सभी श्रद्धालुओं को यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं दी यह आयोजन आस्था, भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण एक ऐतिहासिक क्षण बना, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुजन अयोध्या दर्शन के लिए भावविभोर होकर इस विशेष यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा , जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे , दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक , दुर्ग महापौर अलका बाघमार , सभापति श्याम शर्मा , कुम्हारी नगर परिषद अध्यक्ष मीना वर्मा , जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे एवं मुख्य स्टेशन प्रबंधक लखबीर सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं शरद दुबे के नेतृत्व में भिलाई नगर निगम से 8 दर्शनाथी डाली ताम्रकार, छगन लाल साहू, अनीता साहू, नरेन्द्र कुमार, हेमंत साहू, संगीता साहू, मनटोरा बाई एवं सुरेशचंद सवार हुए इस ट्रेन को दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना हुए।

## सेल ने किसी को नहीं माना डायरेक्टर कमर्शियल के योग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) के नए डायरेक्टर कर्मिशियल के पद की नियुक्ति के लिए सलेक्शन कमेटी ने विभिन्न यूनिटो से इंटरव्यू देने पहुंचे दर्जनभर दावेदार उच्चाधिकारियों में किसी को भी इस अहम पोस्ट के योग्य नहीं माना। इसमें बीएसपी से भी एक वरिष्ठ अधिकारी इंटरव्यू में शामिल हुए थे। टफ एग्जाम व तैयारी को लेकर यह इंटरव्यू बीएसपी सहित विभिन्न संयंत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सेल दिल्ली के डायरेक्टर कमर्शियल पद के चयन के लिए बुधवार को दिल्ली में पब्लिक इंटरप्राइजेस सलेक्शन बोर्ड भारत सरकार द्वारा अभ्यर्थी अधिकारियों का इंटरव्यू हुआ। बीएसपी सहित सेल की विभिन्न यूनिटों के 12 वरिष्ठ अफसरों के इंटरव्यू दिया। लेकिन किसी का भी सलेक्शन इस अहम पद के लिए नहीं हो पाया। इंटरव्यू के लिए संजय अग्रवाल ईडी (कोल इंपोर्ट) सेल,मुनीश आहूजा सीजीएम सेल्स एंड आरएम एनआर दिल्ली सेल, नीरज मित्तल सीजीएम ई-8 इंचार्ज कोल इंपोर्ट ग्रुप विद पावर आफ ईडी दिल्ली सेल, अनिल कुमार अरोड़ा सीजीएम सेल्स ई 8 विद एडिश्नल चार्ज आफ आईटीडी, सेल, तुषारकांत सीजीएम इंचार्ज सर्विसेस बीएसपी, एन अरविंद सीजीएम आपरेशंस लाजिस्टिक एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर सेल, आशीष डेब डीजीएम एंड एएमपी, एसआरबीएम राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, पर्वत रंजन जेना जीएम कमर्शियल, एनटीपीसी लिमिटेड, रविंदर एच टेकचंदानी जीएम एंड हेड (विद पावर आफ ईडी) स्पेयर्स एंड सर्विसेस बिजनेस ग्रुप एंड एडिश्नल चार्ज- न्यूक्लियर बिजनेस ग्रुप, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड, राजेश कुमार दत्ता ईडी मार्केटिग, कांट्रेक्ट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, मेकान लिमिटेड,भारतुला विश्वनाथ चीफ विजिलेंस आफिसर, एनएमडीसी लिमिटेड, रेलवे( एम/ओ) और विवेक निशांत नाथ सीजीएम(सेल्स एंड मार्केटिंग),ओडिशा माइनिंग कार्पोरेशन लिमिटेड बुधवार को दिल्ली पहुंचे थे।

■ बीएसपी के सीजीएम सहित विभिन्न यूनिटों के दर्जनभर बड़े अफसरों ने दिया इंटरव्यू

सेल से जुड़े सूत्रों के मुताबिक डायरेक्टर कमर्शियल का पद कंपनी में काफी अहम माना जाता है। लोकल व ग्लोबल लेबल पर सेल के स्टील की मार्केटिंग में इनकी अहम भूमिका होती है।

### शादी का झांसा देकर किया अनाचार, गिरफ्तार



**भिलाई।** शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2024 में ग्राम पंचपेढ़ी पहांडोर भिलाई तीन निवासी मुकेश कुमार वर्मा ने युवती से दोस्ती कर शादी का झांसा दिया। इस दौरान युवती से लगातार अनाचार करता रहा। 2- 3 बार युवती ने अपना गर्भपात भी करा चुकी है। जब शादी के लिए युवती ने आरोपी पर दबाव बनाया तो उसने इंकार कर दिया। परेशान होकर उसने घटना की शिकायत जामुल थाने में दर्ज कराई। आरोपी मुकेश कुमार वर्मा को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

# सुपेला सब्जी मंडी में दुकानों की जांच, 70 प्रतिशत के पास नहीं मिले आवंटन के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**निगम की टीम ने पार्षद भोजराज सिन्हा के साथ किया वैध और अवैध दुकानों की जांच**

आकाश गंगा सब्जी मंडी सुपेला में 70 प्रतिशत दुकाने अवैध रूप से कब्जा करके संचालित की जा रही है। आवंटित दुकानों से कई गुना अवैध दुकान बन जाने से मंडी में लोगों को आने जाने तक के लिए जगह नहीं बची है। इसे लेकर मंडी समिति के लोगों ने निगम से कार्रवाई की मांग की थी। निगम की टीम बुधवार को वार्ड पार्षद भोजराज सिन्हा के साथ यहां पहुंची और दुकानों के दस्तावेज लेकर जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि यहां 70 प्रतिशत दुकानदारों के पास आवंटन से जुड़े दस्तावेज ही नहीं हैं। कुछ ऐसे भी दुकानदार मिले जिनके नाम से जगह आवंटित है, लेकिन वहां कोई और कब्जा करके व्यवसाय कर रहा है।

■ अब होगी तोड़ फोड़ की कार्रवाई



### गंदगी को लेकर जताई नाराजगी

निगम की टीम के सामने पार्षद और नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने काफी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पूरी मंडी में कीचड़ और सड़ी गली सब्जी के अवशेष पड़े हैं। इससे बदबू और बीमारी फैल रही है। मंडी आने वाले लोगों को इससे काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि दुकान के आसपास इस तरह की गंदगी पाई जाएगी तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंडी के अंदर दुकान के पास की गंदगी हटाने की जिम्मेदारी दुकान संचालक की होगी।

### काटी गई एनवीसी की अवैध दुकान की लाइट

पार्षद भोजराज सिन्हा ने बताया कि जांच के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे लोग मिले हैं, जो अवैध रूप से कब्जा करके दुकान संचालित कर रहे हैं। उन सभी पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नारायण सिंह वेजीटेबल कंपनी (एनवीसी) की अवैध दुकान का मुद्दा भी उठा। वो निगम की बिजली का अवैध उपयोग कर रहा था। उसके बिजली के कनेक्शन को काट दिया गया है। उसे दुकान हटाने के लिए बोला गया है। जल्द ही निगम की टीम यहां सभी दुकानों को हटाने के लिए कार्रवाई करेगी।

## आयुक्त ने निर्माणाधीन सीमेंटीकरण रोड व शौचालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन 3 अंतर्गत टाटा लाइन में सीमेंटीकरण रोड एवं नाली निर्माण, पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में शौचालय निर्माण, नालियो की साफ-सफाई एवं पार्किग व्यवस्था का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा किया गया। वार्ड क्रं. 36 टाटा लाईन में 20 लाख रुपये की लागत से सीमेंटीकरण रोड एवं नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। आयुक्त ने रोड में पर्याप्त पानी तराई एवं शेष कार्य को अविलंब तथा गुणवत्तायुक्त पूर्ण



करने ठेकेदार सिद्वार्थ शुक्ला को निर्देशित किए है। पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत निर्माणाधीन सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया गया। शौचालय निर्माण का कार्य प्रगतिरत है, जिसे अविलंब पूर्ण कराने सहायक अभियंता नितेश मेश्राम को निर्देशित किया गया है। इस शौचालय के निर्माण से सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट एवं सब्जी मार्केट में आने वाले लोगो को सुविधा मिलेगी। टाटा लाईन, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति एवं नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे को निर्देशित किया गया है। पावर हाउस सब्जी मार्केट समीपस्थ लाल मैदान एवं फल मण्डी के सामने रिक्त स्थल में पार्किंग व्यवस्था हेतु सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन को निर्देशित किया गया है।

**निगम में विकास कार्य के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार के विरोध में निर्दलीय पार्षद**

# अधीक्षण अभियंता ने पोल और नाली की जांच रिपोर्ट आयुक्त को सौंपी, पार्षदों ने कहा- कार्रवाई नहीं हुई तो जाएंगे हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर निगम अंतर्गत 2 करोड़ रुपए से नाली निर्माण और लग रहे पोल के काम में भ्रष्टाचार की जांच अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा के नेतृत्व में पूरी हो गई।

पार्षदों का कहना है कि जांच रिपोर्ट निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय को सौंप दी है, लेकिन उसे सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। इससे आक्रोषित होकर निर्दलीय पार्षदों ने निगम आयुक्त को एक पत्र सौंपा है कि वो जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करें और हुए भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करें। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वो लोग इस मामले को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। भिलाई निगम के निर्दरीय पार्षद हरिओम तिवारी और उनके साथी रविशंकर कुर्रे, मीरा जितेंद्र बंजारे, रानू राजू साहू और अनीता अजय साहू ने इसे लेकर निगम आयुक्त के नाम एक पत्र सौंपा है। उसमें उन्होंने लिखा कि अधीक्षण यंत्री अजीत तिग्गा, नितेश मेश्राम, शहर मंत्री केशव चौबे व पार्षदों के द्वारा दोनो मामलों की जांच पूरू कर ली गई है। उनके द्वारा जांच रिपोर्ट भी सौंप दी गई है। इस जांच रिपोर्ट को पार्षदों और मीडिया के बीच सार्वजनिक किया जाए। दोनों मामलों में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। इस पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो वो लोग न्यायालय की शरण में जाने के लिए बाध्य होंगे।

**नाली निर्माण को लेकर जांच करती निगम की टीम**



### करोड़ों की लागत से हो रहे नाली निर्माण में बड़ा भ्रष्टाचार

पार्षदों ने बताया कि जीई रोड के किनारे कर्मा चौक से लोहिया पेट्रोल पंप तक लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से आरसीसी नाली का निर्माण किया जा रहा है। नाली की जांच के दौरान पाया गया कि ठेकेदार ने नाली के बेस को 12 इंच की जगह मात्र पांच इंच मोटा ही बनाया है। इतना ही नहीं नाली की दीवार में जो लोहे की सरिया लगनी थी वो 4-4 इंच के गैप में लगनी थी, लेकिन ठेकेदार ने लोहे की चोरी करने के लिए दो सरिया के बीच की दूरी को 8 इंच रखा है। अधीक्षण यंत्री और शहर मंत्री ने भी इस पर आपत्ती जताई है।

### पुराने पोल से जोड़ दिया नए पोल का ऊपरी भाग

निगम के इंजीनियर्स की टीम ने लग रहे नए पोल की जांच की तो पाया गया कि पुराने पोल पूरी तरह से सही थे उसके बाद भी उनकी जगह नए पोल लगाए गए। इतना ही नहीं जो नए पोल लगाए गए हैं उन्हें पूराने पोल को काटे गए टुकड़े से ही ब्लेडिंग करके जोड़ दिया गया है। पार्षद हरिओम तिवारी ने कहा कि जांच के दौरान साबित हुआ है कि निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किया गया है और जनता के पैसों का दुरुपयोग किया गया है।

**जांच अधिकारी ने कहा कल सम्मिट होगी रिपोर्ट:** इस बारे में जब निगम के अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट बन गई है। कल इसे आयुक्त के सामने सौंपा जाएगा। उसके बाद ही इसके बारे में कोई जानकारी दी जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129



हरियाली उत्सव में क्वीन बनीं मीना पौधे रोपकर सहेजने का लिया संकल्प

## स्वच्छता का अनोखा संदेश : 30 जुलाई से 5 अगस्त तक चले कथा स्थल में श्रमदान से की सफाई

# मेयर और उप नेता प्रतिपक्ष ने उठाया झाड़ू, 300 से ज्यादा सफाई कर्मियों के साथ मिलकर जयंती स्टेडियम मैदान में की सफाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के जयंती स्टेडियम में आयोजित शिव महापुराण कथा का भव्य समापन श्रद्धा और अनुशासन के अद्भुत संगम के साथ हुआ। इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में प्रत्येक दिन तीन से चार लाख श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे, जिससे पूरे स्टेडियम परिसर में भारी भीड़ और उसके साथ ही काफी मात्रा में कचरा एकत्रित हो गया था। कथा समापन के ठीक अगले दिन नगर निगम भिलाई और आयोजन समिति ने मिलकर सफाई अभियान चलाया। निगम प्रशासन की तत्परता और आयोजन समिति की सक्रियता से एक ही दिन में संपूर्ण जयंती स्टेडियम और आसपास के क्षेत्र की सफाई कर दी गई। इस दौरान मेयर नीरज पाल, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि 300 से ज्यादा सफाई कर्मियों के साथ मैदान की सफाई करते नजर आए।



**भिलाई।** 30 जुलाई से 5 अगस्त तक इस स्थल पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया था। स्वच्छता को लेकर चले इस अभियान में नगर निगम के 300 से अधिक सफाई कर्मचारियों को तैनात किया गया था। सभी कर्मचारियों ने अलग-अलग टीमों में बंटकर स्टेडियम के प्रत्येक कोने, बैठने की व्यवस्था, मंच स्थल, और बाहर के मार्गों की सफाई की। इसके अलावा जब तक कथा चल रही थी, रोज 170 सफाई कर्मचारियो की ड्यूटी तीन पाली में लगाई थी। जो देर रात तक सफाई करते थे। विशेष बात यह रही कि भिलाई के महापौर नीरज पाल और आयोजन समिति के अध्यक्ष व भिलाई के उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह भी सफाई कर्मचारियों के साथ सुबह 6 बजे सफाई करने कथा स्थल पर पहुंचे। सफाई कर्मचारियों के साथ खुद भी झाड़ू लगाई और सफाई अभियान में भाग लिया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। शिव महापुराण कथा जैसे भव्य आयोजन के समय और समापन के बाद जिस तरह से नगर निगम भिलाई की पूरी टीम ने सफाई अभियान चलाया, वह सराहनीय है। विशेष रूप से हमारे सफाई कर्मचारी जिन्होंने सुबह से लेकर शाम तक पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया है, वे वास्तव में बेहद सराहनी है। नगर निगम के प्रत्येक सदस्य और सफाई मित्रों के प्रति हृदय से आभार। महापौर नीरज पाल ने कहा कि शहर न केवल सांस्कृतिक आयोजनों के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां की सफाई व्यवस्था और जन-जागरूकता भी उदाहरणीय है। यह हमारे शहर की पहचान है कि हम बड़े से बड़े आयोजन के बाद भी साफ-सुथरा वातावरण बनाए रखते हैं।



### मैदान में फैल गई थी गंदगी, 4 घंटे से ज्यादा समय की सफाई

जानकारी के मुताबिक मैदान में सभी तरफ गंदगी फैली हुई थी। कचरा, झिल्ली, पन्नी से लेकर अन्य सामान फैला हुआ था। सफाई कर्मियों ने 4 घंटे से ज्यादा की मशक्कत के बाद अलग-अलग कंटेनर में कचरा जमा किया। इसके बाद कचरे को उठाकर अन्यत्र शिफ्ट किया। इस दौरान आसपास के लोग भी श्रमदान के लिए मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का सामूहिक प्रयास हर आयोजन के बाद होना चाहिए। देखने में आता है कि कई जगहों पर शरबत वितरण, भंडारा के बाद कचरा मौके पर ही छोड़ दिया जाता है, यदि सभी जगहों पर ऐसी सफाई हो, तो गंदगी न फैले।

## लाइव इवेंट

### 11 हजार पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक प्रदेशभर से जुटा ब्राह्मण समाज



**भिलाई।** ब्राह्मण सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में बुधवार को महामाया देवी मंदिर के सत्संग भवन सभागार में सावन माह के शुक्ल पक्ष की बुध प्रदोष तिथि को 11 हजार पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक हुआ। इसके बाद सामूहिक आरती का कार्यक्रम हुआ। आयोजन में प्रदेशभर से आए ब्राह्मण समाज के लोग शामिल हुए। प्रदेश संयोजक सिकोसा बालोद के पं.रामानुज तिवारी एवं प्रदेश सचिव अर्चना दीवान ने बताया कि विगत तीन वर्षों से इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है।गाय का गोबर, गुड़ , मक्खन और भस्म आदि मिलाकर शोधित एवं तैयार की गयी मिट्टी से शिवलिंग निर्माण किया गया। प्रदेशाध्यक्ष डॉ.भावेश शुक्ला पराशर एवं दुर्ग संभाग मीडिया प्रभारी नुपूर तिवारी ने बताया कि सभी देवी देवताओं को नारियल, फूल, अक्षत अर्पित किया गया। गौरी-गणेश, कलश, षोडश मातृका, नवग्रह सहित वेदी आदि का आव्हान, प्रतिष्ठापन, षोडशोपचार पूजन संपन्न हुआ। विधि विधान से सारे अनुष्ठान और पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इस अवसर पर शैलेन्द्र रिछारिया, प्रेमशंकर शुक्ला, व्यासनारायण तिवारी, दुर्गा प्रसाद पाठक, विजय कुमार झा, उपेन्द्र शुक्ला, विजयशंकर अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### नेशनल चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन, दिखाएंगे अपना दमखम



**दुर्ग।** नेशनल चैम्पियनशिप के लिए दुर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन 7 अगस्त तक किया जाना है। प्रतियोगिता के 7वें संस्करण के लिए नवहिन्द खो-खो क्लब दुर्ग के खिलाड़ियों का चयन हुआ। इसमें आयुष खिलाड़ी, जतिन चंद्रवंशी, कान्हा महिलांगे, पुष्पेंद्र खिलाड़ी शामिल हैं। क्लब के मुख्य कोच दिलीप इंग्ले, राजेंद्र साहू भीखम निर्मलकर, विश्वजीत, अनिल यादव, ब्रिज साहू, रुखमणि यादव, बिलकिस, संतोषी साहू, बालकदास डहरे ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## लाइव इवेंट

### पीएम के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम रोपे गए पौधे, सहेजने का लिया संकल्प



**भिलाई।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा थे। विशेष रूप से भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शामिल हुए। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक प्रभुनाथ मिश्रा, महेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, अनिल सिंह, बलजिंदर सिंह बिल्ला, कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकित सिंह लल्लू, कोषाध्यक्ष जोगा राव, एवं अन्य सक्रिय सदस्य जैसे सुनील चौधरी, पंकज सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### महिला संगठन आज से बांधेंगे रक्षासूत्र 9 अगस्त तक चलेगा अभियान

**भिलाई।** भारतीय संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने महिलाओं ने एक अनोखी पहल की है। 6 अगस्त से रक्षासूत्र बांधने को लेकर अभियान शुरू किया जा रहा है। भाजपा नेत्री एवं शिव शक्ति महिला समिति की अध्यक्ष नीति चौरसिया ने बताया सैनिकों, जवानों, हमारे घर के आसपास सफाई से जुड़े काम करने वालों को रक्षासूत्र बांधा जाएगा। इसके अलावा पीपल, बरगद, नीम के पेड़ में सामूहिक रूप से रक्षा सूत्र बांधा जाएगा। 6 अगस्त को सुबह 11 बजे केंद्रीय जेल दुर्ग से शुरुआत होगी। 7 अगस्त को स्वच्छता के प्रहरियों को स्वच्छता कर्मियों को लोकांगन प्रांगण में दोपहर 12 बजे रक्षा सूत्र बांधा जाएगा। 8 अगस्त को कोतवाली थाना परिसर में राखी बांधी जाएगी। यह अभियान 9 अगस्त तक चलेगा।

# भावयात्रा का हुआ सामूहिक अनुष्ठान 10 अगस्त से निर्जला तप की शुरुआत

**दुर्ग।** जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में आयोजित विरहमान भाव संस्मरण यात्रा अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस दौरान सुमधुर गीतों से समा बांधा। साध्वी संघ ने इस दौरान जानकारी दी कि 10 अगस्त से निर्जला तप की शुरुआत होगी, जो 17 अगस्त तक चलेगा। विरहमान भाव समवरण यात्रा को लेकर साध्वी प्रियदर्शना श्री, विचक्षणा श्री, सुकृति श्री, सुप्रज्ञपति ने जानकारी दी। साध्वी श्री ने महाविधय क्षेत्र का परिभ्रमण भावयात्रा के माध्यम से कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रमण संघ परिवार के अलावा जैन समाज के लोग शामिल हुए। भरतक्षेत्र के तीर्थंकरों को भाव वंदना अर्पित करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त



किया। साध्वी प्रियदर्शना श्री ने कहा कि समवशरण भावयात्रा अनादि काल के परिभ्रमण को रोकने के लिए अरिहंत प्रभु की कृपा किरण पाने और मुक्ति मार्ग में अग्रसर होने के लिए सहायक है। कार्यक्रम के दौरान वर्धमान स्थानकवासी श्रावक श्रमण संघ के बैनर तले 70 भाई-बहनों ने 20 दिनों तक विरहमान तप की आराधना की।भक्ति गीतों से रचना श्रीश्रीमाल, रोमा पारख, चंचल श्रीश्रीमाल ने समवशरण भाव यात्रा में अपने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि 10 अगस्त रविवार को रक्षाबंधन के पावन अवसर पर भाई-बहनों का सामूहिक जब अनुष्ठान रतन भवन बांधा तालाब में होगा। सुबह 8:30 से आयोजित रक्षाबंधन के जप अनुष्ठान में छत्तीसगढ़ के अनेक क्षेत्रों से इस जप में शामिल होंगे। 10 अगस्त से ही अष्टकर्म निर्जरा तप आराधना प्रारंभ होगी, जो 17 अगस्त तक चलेगा।

# विश्व आदिवासी दिवस पर दिल्ली में व्याख्यान देंगे डॉ. परदेशीराम वर्मा

**भिलाई।** सिटी फोर्ट ऑडिटोरियम नई दिल्ली में 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर भिलाई नगर के साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा व्याख्यान देंगे। उन्हें प्रमुख वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। मांझी अंतराष्ट्रीय समाजवाद एवं किसान सैनिक संस्था द्वारा आयोजित इस वैचारिक कार्यक्रम में बिरसा मुंडा, गेंदसिंह ठाकुर, रानी दुर्गावती, रेंगा कोरकू, सावित्री बाई फुले, टांटिया भील, शहीद वीरनारायण सिंह, राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह झलकारी बाई एवं कंगला मांझी के अवदान पर चर्चा होगी।



छत्तीसगढ़ में आदिवासी कल और आज विषय पर डॉ. वर्मा व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम के पूर्व आदिवासी केम्प रणजीत सिंह मार्ग नई दिल्ली में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, महाराश्ट्र के आदिवासियों की बस्ती का भ्रमण भी होगा। उल्लेखनीय है कि कंगला मांझी के विचार एवं जीवन पर प्रकाशित पांच पुस्तकों का संपादन डॉ. परदेशीराम वर्मा ने किया है। उनकी कहानी फैसला को राजस्थान से प्रकाशित प्रसिध्द आदिवासी पत्रिका अरावली उद्घोश के द्वारा आयोजित कथा प्रतियोगिता में 2009 में प्रथम पुरस्कार मिला था।

वे आदिवासी सत्ता मासिक के सलाहकार संपादक तथा प्रतिवर्श होने वाले कंगला मांझी समारोह के संयोजक भी हैं। 9 अगस्त को कंगला मांझी द्वारा लिखित गांडी एवं हिन्दी में लिखित तथा डॉ. परदेशीराम वर्मा द्वारा संपादित पुस्तक भारत भूमिका का लोकार्पण भी होगा।

## ज्येष्ठ नागरिक संघ, इंडियन और छग आर्थोपेडिक एसो. का संयुक्त आयोजन

# मजबूत हड्डियों के लिए सुबह धूप में बैठें, दूध से बनी चीजें और हरी सब्जियां खाएं; एक घंटे फिजिकल एक्टिविटी जरूर करें

कार्नर न्यूज

दुर्ग। बुजुर्गों के अच्छे स्वास्थ्य और हड्डियों की देखभाल करने के विषय में इंडियन एवं छत्तीसगढ़ आर्थोपेडिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जेष्ठ नागरिक संघ पद्मनाभपुर के आशीर्वाद भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चिकित्सकों ने हड्डियों को मजबूर रखने को लेकर जरूरी टिप्स दिए। डॉक्टरों ने बताया कि बढ़ती उम्र के साथ हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। इसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। जो आगे चलकर आर्थराइटिस की समस्या बनती है। हड्डी रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि आमतौर पर 30-35 साल तक हड्डियों की डेंसिटी बढ़ती है। इस समय जो लोग हेल्दी डाइट लेते हैं, उनकी बोन्स मजबूत बनी रहती है। अगर आप अपनी हड्डियों की सेहत पर ध्यान नहीं दे पा रहे तो कुछ खास टिप्स अपनाकर इसे स्ट्रॉन्ग बना सकते हैं। डाइट में मिल्क और मिल्क प्रोडक्ट को शामिल करें।

### सर्दी में बढ़ती है आर्थराइटिस की समस्या



चिकित्सकों ने बताया कि आजकल गठिया रोग से बहुत लोग परेशान हैं। गठिया दो तरह का होता है। पहला ऑस्टियो आर्थराइटिस और दूसरा रुमेटॉयड आर्थराइटिस। ऑस्टियो आर्थराइटिस बढ़ती उम्र वालों को अधिक होता है जबकि रुमेटॉयड आर्थराइटिस कम उम्र में भी हो जाता है, यह अनुवांशिक होता है। करीब 20 फीसदी यंगस्टर्स भी इससे परेशान हैं। घंटों एक ही स्थिति में बैठकर काम करना, बढ़ती धूम्रपान की आदत और तनाव इसके मुख्य कारण हैं। बढ़ती उम्र में सर्दियों में होने वाला यह रोग जोड़ों के घिसने व कमजोर होने के कारण होता है। मगर अब यह किसी भी उम्र और मौसम में हो सकता है। हड्डियों के जोड़ों में यूरिक एसिड जमा होने से जोड़ों में संक्रमण हो जाता है। इनसे कैल्शियम की कमी पूरी होती है। दही, लस्सी, पनीर और हरी सब्जियों का अधिक इस्तेमाल करें। सर्दियों के दिनों में दही को हटा सकते हैं। सर्दियों में भी फिजिकल एक्टिविटी बंद न करें। दोपहर में घर की छत या बालकनी में कम से कम एक घंटे की वॉक जरूर करें। बाहर नहीं जा पा रहे हैं तो सीढ़ियों का इस्तेमाल करके भी अपनी बोन हेल्थ पर ध्यान दे सकते हैं। हड्डियों को मजबूत बनाने में कैल्शियम के अलावा विटामिन-डी का भी बड़ा रोल है। हफ्ते में कम से कम 2 से 3 बार 15 मिनट के लिए अलसुबह धूप में बैठें। सूरज की रोशनी विटामिन-डी का एक बहुत अच्छा सोर्स है।

**ये लक्षण दिखने पर अलर्ट हो जाएं, ये हो सकता है खतरनाक :** जोड़ों में अकड़न व सूजन, तेज दर्द, जोड़ों से तेज आवाज आना, उंगलियों या दूसरे हिस्से का मुड़ने लगना जैसे लक्षण दिखने पर अलर्ट हो जाएं। बीमारी की शुरुआत में जोड़ों में अकड़न के साथ दर्द होना शुरू होता है। कुछ समय बाद जोड़ों में तेज दर्द होने लगता है और सूजन आने लगती है। आर्थराइटिस के दर्द को ऐसे करें काबू सबसे पहले शरीर के वजन को कंट्रोल करना जरूरी है। रोजाना वर्कआउट, रेग्युलर ट्रीटमेंट और फिजियोथैरेपी से आर्थराइटिस को कंट्रोल किया जा सकता है। गंभीर रोगियों को घुटने में इंजेक्शन देकर दर्द काबू किया जा सकता है।

**बुजुर्गों ने पूछे प्रश्न, डॉक्टरों ने दिया जवाब:** इस शिविर में अंचल के ख्यातिनाम हड्डी रोग विशेषज्ञ, फिजियोथैरेपिस्ट ने बढ़ती उम्र में सेहत और हड्डियों की समस्याओं के बारे में बुजुर्गों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान पूर्वक जवाब बताया। सेमीनार की थीम हाउ टू इम्प्रूव क्वालिटी आफ लाइफ़ इन ओल्ड ऐज पर विस्तार से बताते हुए आर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. वीएस बघेल ने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ हमें अपनी दिनचर्या में बदलाव करना होता है। युवा अवस्था की भांति हम व्यायाम नहीं कर सकते। अतिरिक्त व्यायाम हमारी हड्डियों को नुक्सान पहुंचा सकता है। आपने घुटनों की समस्या और इलाज के बारे में बताया कि यह अटल सत्य है कि घुटने में ज्यादा परेशानी होने पर इसे बदलना आवश्यक है। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. श्वेता शर्मा ने घुटनों, कन्धों, चक्कर आने पर किए जाने वाले व्यायाम की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. विपिन जैन, डॉ. कल्याण साहू, डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. आर. बिसोही, डॉ. ई मसीह, डॉ. सौरभ और फिजियोथैरेपिस्ट श्वेता शर्मा उपस्थित थीं। संघ के अध्यक्ष देव मांडरिक, सचिव सीएस पांडे, राधेश्याम अग्रवाल, अजय जाधव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सिटी इवेंट

## 64 वें नेशनल कला प्रदर्शनी में शामिल हुए भिलाई के कलाकार



**भिलाई।** 64 वें नेशनल आर्ट इक्जीबिशन का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। इस आयोजन में भिलाई के भी कलाकार शामिल हुए। ललित कला अकादमी के बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन सहित अन्य प्रदर्शनी में शामिल हुए। मंडी हाउस स्थित रविन्द्र भवन की गैलरी में प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने किया। इस दौरान पद्मविभूषण मूर्तिकार रामसुतार, पद्मश्री प्रिंट मेकर श्याम शर्मा, संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल, ज्वाइंट सेक्रेटरी अमिता प्रसाद सारभाई, सेक्रेटरी इंचार्ज राजीव कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. नंदलाल ठाकुर, माडर्न आर्ट गैलरी के डायरेक्टर जनरल, सहित समस्त बोर्ड मेम्बर और देश भर से आए हुए कलाकार उपस्थित थे। देवांगन ने बताया कि प्रतिवर्ष नेशनल आर्ट इक्जीबिशन किया जाता है। इसमें शामिल होना देश भर के कलाकारों के लिए गौरव की बात होती है। हजारों कलाकारों द्वारा भेजे गए प्रविष्टियों में से चुनिंदा कृतियों का चयन होता है। इसमें से ही कुछ विशिष्ट कलाकारों को नेशनल अवार्ड दिया जाता है। इस वर्ष सबसे ज्यादा खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से पढ़ाई किए छात्रों को पुरस्कार मिले हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत डॉ.अंकुश देवांगन छत्तीसगढ़ के प्रथम कलाकार हैं जो ललित कला अकादमी के बोर्ड मेम्बर बने हैं। विगत 5 वर्षों से उनका कार्यकाल जारी है।

बीएसएफ के रिसाली स्थित मुख्यालय में पहुंची बहनें, सुरक्षा के लिए जताया आभार

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने सुरक्षा में तैनात बीएसएफ के जवानों को बांधा परमात्मा के स्नेह का रक्षा सूत्र, कराया राजयोग मेडिटेशन

**भिलाई।** महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल के रिसाली स्थित मुख्यालय में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी की बहनों ने जवानों को रक्षासूत्र बांधा। एक भावनात्मक एवं सौहार्दपूर्ण रक्षाबंधन पूर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका प्राची दीदी के नेतृत्व में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बहनों ने सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों को तिलक लगाकर राखी बांधी। उनकी सेवा, त्याग और समर्पण के प्रति सम्मान प्रकट किया। इस महानिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बहनों ने सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों के प्रति अपने स्नेह और विश्वास को अभिव्यक्त करते हुए उन्हें मिठाई खिलाई व रक्षा सूत्र बांधकर आत्मीयता का भाव स्थापित किया।





### जवानों ने राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के संकल्प को दोहराया

सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों ने भी बहनों के इस प्रेम और सम्मान को विनम्रता से स्वीकार करते हुए राष्ट्र सेवा में अपने दायित्वों के प्रति संकल्प दोहराया। आयोजन का संपूर्ण वातावरण भावनाओं, देशभक्ति और भाईचारे से ओतप्रोत रहा। समापन पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बहनों ने सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों को राजयोग मेडिटेशन कराते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुरक्षित सेवा जीवन की शुभकामनाएं दीं। जवानों आभार प्रकट किया और कहा कि यह आयोजन हम सभी के मनोबल को और अधिक ऊंचा करता है तथा इसे सदैव स्मरण रखा जाएगा।

## हजारों बहनों ने देवेंद्र को बांधी राखी, बोले- भिलाई मेरा परिवार है, यही मेरा सबसे बड़ा धन



**भिलाई।** सेक्टर-5 स्थित में रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया, जहां हजारों महिलाएं और युवतियां ने विधायक देवेंद्र यादव को राखी बांधी। राखी बांधने के साथ-साथ महिलाओं के लिए विशेष भोजन, मनोरंजन, गीत-संगीत, और छत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य की भी आकर्षक प्रस्तुति हुई। देवेंद्र यादव ने कहा कि पूरा भिलाई मेरा परिवार है। यह रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि हमारे विश्वास और प्रेम का प्रतीक है। यह परंपरा सालों से चल रही है, और इसे मैं हर साल अपनी बहनों के साथ मनाता हूं। पिछले साल जब मैं जेल में था, तब भी मेरी बहनें राखी लेकर वहां पहुंचीं थीं। यह सिर्फ धागा नहीं, बल्कि प्यार, विश्वास और आशीर्वाद का प्रतीक है। यही मेरा सबसे बड़ा धन है। महिलाओं ने विधायक को तिलक कर रक्षा सूत्र बांधा।बहनों ने कहा कि विधायक से उनका रिश्ता सिर्फ एक जनप्रतिनिधि का नहीं, बल्कि भाई जैसा है, जो हर समय उनके साथ खड़ा रहता है।

धर्म लाइव

## बालमुकुंदेश्वर महादेव मंदिर अभिषेक विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना



**भिलाई।** भगवान शिव की भक्ति के लिए विशेष माने जाने वाले सावन महीने में कैम्प 01 के बालमुकुंदेश्वर महादेव मंदिर भगवान शिव की भक्ति में सराबोर रहा। भोलेनाथ का अभिषेक पूजन करने सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। चारों ओर हर हर महादेव और बम भोले का जय घोष गूंजता रहा। प्रत्येक वर्ष अनुसार संकट मोचन हनुमान मंदिर कैम्प 1 के प्रांगण में बालमुकुंदेश्वर महादेव का श्रावण मास में आचार्य पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी द्वारा निशुल्क रुद्राभिषेक एवं पूजन कराया जाता है। इस वर्ष भगवान शिव का अभिषेक एवं श्रृंगार किया गया। इसमें अच्युतानंद पांडे, सच्चिदानंद पांडे, आशुतोष पांडे, अनुज पांडे, संजय मिश्रा, मनीष धर द्विवेदी, ललित धर द्विवेदी, कार्तिक, रमेश गुप्ता, रामानंद पांडे, मिथिलेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे। विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

जैन मंदिरों में आयोजन

## पारसनाथ का मंगल अभिषेक कर लिया शांतिधारा का धर्म लाभ



**भिलाई।** शहर के दिगंबर जैन मंदिरों में पूरे भक्ति भाव से 1008 पारसनाथ भगवान की प्रतिमा का मंगल अभिषेक किया गया। साथ ही शांति धारा का धर्म लाभ लिया गया। इस दौरान जानकारी दी गई कि 2012 में रुआबांधा दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य विद्यासागर ने आगम सागर के साथ अपने अमृत प्रवचन के दौरान कहा था कि मंदिर के शिलान्यास काप्रथम आधारशिला का सौभाग्य प्राप्त करने वाले परिवार का नाम मंदिर निर्माण के बाद मुख्य द्वार पर स्थापित किया जाएगा। इसके लिए धर्मसभा में सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति और सहमति दी गई। इस पर प्रदीप बाकलीवाल ने भगवान पारसनाथ के समक्ष श्रीफल अर्पण करते हुए अनुमोदन किया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों को रक्षासूत्र भी बांधा।



इस दौरान शांतिधारा का सौभाग्य ज्ञानचंद बाकलीवाल, सचिन जैन, प्रतीक नहर, श्रीकांत जैन, कमलेश जैन सहित अन्य ने प्राप्त किया। संपूर्ण पूजन विधि विधान पूर्वक हुई। आरती करते हुए भक्तों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6, दिगंबर जैन मंदिर नेहरू नगर, वैशाली नगर, रिसाली, पारसधाम रुआबांधा सहित अन्य मंदिरों से आए प्रतिनिधि मौजूद थे।

आदर्श महिला समिति कर्मचारी नगर में पौधारोपण

## हरियाली उत्सव में क्वीन बनीं मीना पौधे रोपकर सहेजने का लिया संकल्प



**दुर्ग।** आदर्श महिला समिति कर्मचारी नगर के तत्वावधान में वृक्षारोपण एवं हरियाली उत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर अल्का बाघमार थीं। महापौर का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि ज्ञानेश्वर ताम्रकार थे। अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष इन्दू ढोक ने किया। समिति की महिलाओं ने पुष्प गुच्छे देकर महापौर का स्वागत किया। इन्दू ढोंक ने समिति के बारे में जानकारी दी। समिति के भवन में सीपेज की समस्या से अवगत कराया। महापौर ने मेंटेनेंस किए जाने का आश्वासन दिया। महिला समिति में वृक्षारोपण किया गया। महापौर ने भी वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टोकरी में बॉल डालों में प्रथम-राजश्री बासवे, द्वितीय किरण शर्मा, हाउजी में प्रथम अनिता रामटेके, द्वितीय-अनिता वर्मा, हरियाली क्वीन मीना पटले को चुना गया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा रेखा पराते ने की। इस अवसर पर बबीता रोडगे, ललिता मून, विशाखा खापर्डे, ज्वाला वन्जारी, प्रमिला खापर्डे, रश्मि सेलारे, रमा राव सहित अन्य मौजूद थे।

**खेल प्रतियोगिताओं का भी किया आयोजन**

### चंपारण में दसनाम गोस्वामी समाज का शपथ ग्रहण समारोह 10 को

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सनातन दसनाम गोस्वामी समाज पं.क्र. 1657 की नवगठित प्रांतीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह चंपारण में होगा। अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष आचार्य भागवत भूषण डॉ.गिरधर शर्मा बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजन में प्रदेशभर के जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी आयोजन में शामिल होंगे। ऐतिहासिक धर्म नगरी महाप्रभु वल्लभाचार्य की जन्मस्थली चंपारण में 10 अगस्त को यह कार्यक्रम होगा। सुबह 11 बजे चैंपेश्वर नाथ सभागार चंपारण में महाप्रभु वल्लभाचार्य मंदिर परिसर में यह आयोजन होने जा रहा है। इस अवसर पर अशोक गिरी, भूपेंद्र पूरी, विश्वनाथ पुरी गोसाई, निवृत्तिमान प्रांत अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष एवं समस्त प्रांतीय कार्यकारिणी छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी भारद्धाज गिरी गोस्वामी ने दी।

सिटी इवेंट

## विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन



**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन द्वारा कक्षा 9 वीं, 10 वीं एवं कक्षा 12वीं के परीक्षा में 60% से अधिक अंक प्राप्त छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह एवं ब्लूम ओलम्पियाड की प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैम्प 2 भिलाई में किया गया। मुख्य अतिथि सुरेश कुमार अध्यक्ष राधिका नगर शिक्षण समिति राधिका नगर भिलाई थे। विशिष्ठ अतिथि बीएस सहगल, पुरुषोत्तम साहू एवं गजानंद साहू उपस्थित थे। संस्था के अध्यक्ष चन्द्रशेखर परगनिहा ने ब्लूम ओलंपियाड के महत्व पर प्रकाश डाला। सुरेश कुमार व गजानंद साहू ने अपने ज्ञानवर्धक एवं ओजस्वी उद्बोधन से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। आभार प्रदर्शन में बीएस सहगल ने व संचालन शिरीन अख्तर द्वारा किया गया। नाजली शेख, सरोज गौतम, आम्रपाली, पूनम वर्मा, हेमन्त खोब्रागढे आदि मौजूद थे।

दानदाताओं के सहयोग से किया जा रहा निर्माण, समय बिताने के लिए मिलेगी जगह

कार्नर न्यूज

# बुजुर्गों के लिए बनेगा भवन, होंगे रचनात्मक कार्य, खेल सामग्री, वाद्य यंत्रों के साथ मिलेगी लाइब्रेरी की सुविधा

**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ ने एक अनोखी पहल की है। उन्होंने बुजुर्गों को एक छत के नीचे लाने के लिए भवन के निर्माण का निर्णय लिया है। प्रारंभिक रूप से 5 लाख रुपए की लागत से भवन का निर्माण किया जाएगा। भवन में एक मल्टीपरपस हॉल होगा। साथ ही खेल सामग्री, वाद्य यंत्रों के अलावा लाइब्रेरी की सुविधा होगी। इस भवन के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए दान का गरीबदास साहू ने किया है। महासंघ ने उनका आभार मानते हुए उन्हें सम्मानित किया। वार्ड-21 कुरूद में भवन निर्माण का भूमिपूजन भी किया गया। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। उनकी अनुपस्थिति में संस्कृताचार्य एवं विद्वान डॉ. महेशचंद्र शर्मा ने भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम कीी अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। देवांगन समाज के अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन विशेष अतिथि थे।





### दानदाता का स्थान हमेशा से ऊंचा रहा, आगे भी रहेगा

डॉ. शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि दानदाता का स्थान हमेशा से ऊंचा रहा है और आगे भी रहेगा। वरिष्ठ नागरिक गरीब दास साहू ने अपनी दिवंगत माता स्व. फूलिया साहू की स्मृति में भवन निर्माण के लिए भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ को 5 लाख रुपए का दान दिया है। यह काबिले तारीफ निर्णय है। उन्होंने कहा कि उनकी दिवंगत माता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इससे उनकी स्मृति दीर्घ काल तक बनी रहेगी। लोगों को प्रेरणा मिलेगी। महासंघ की ओर से अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने दानदाता गरीबदास साहू एवं उनके परिजनों का श्रीफल, पुष्प गुच्छ एवं गमछा भेंटकर सम्मान किया।

### बुजुर्गों को एकजुट करने शुरू किया प्रयास

महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि बुजुर्गों को एकजुट करने के लिए यह एक शुरुआत है। विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के संचालन के लिए एक बड़े हाल सहित सर्वसुविधायुक्त भवन की आवश्यकता थी। इसे प्रयास से वह पूरी होने जा रही है। इस भवन में वरिष्ठ नागरिकों के मनोरंजन हेतु खेल सामग्री, वाद्ययंत्र एवं पुस्तकालय आदि की सुविधा मिलेगी। जहां वरिष्ठजनों के लिए सांस्कृतिक, साहित्यिक, धार्मिक, खेलकूद, स्वास्थ्य शिविर, काउंसिलिंग आदि गतिविधियों का नियमित आयोजन किया जाएगा। विधायक रिकेश सेन से मांग की गई है। इस पर विधायक ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन बनाकर देने का आश्वासन दिया है।

### बुजुर्गों को जोड़ने चलेगा सदस्यता अभियान

इस अवसर पर जानकारी दी गई कि बुजुर्गों को जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत हो चुकी है। आयोजन में जगदीशराम साहू, रतनलाल गोयल, एनपी मिश्रा, पुरानिक राम देवांगन, पुरुषोत्तम साहू, गजानंद साहू, दिनेश गुप्ता, अर्चना मूले, बलबीर सिंह सहगल, महेंद्र सोनवानी, संबद्ध सियान सदनों के अध्यक्षों में डॉ. कांतिलाल विश्वकर्मा, बाबूलाल साहू, हुकुमचंद देवांगन, एचके बिसेन, शिवप्रसाद साहू, जगदीश राम साहू, गौतम बाई साहू, रोहित साहू, अशोक कुमार, राजेन्द्र साहू, सतरूपा सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बुची बाबू क्रिकेट के लिए छत्तीसगढ़ टीम घोषित, अमनदीप कप्तान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। उक्त टीम 18 अगस्त से तमिलनाडु में आयोजित बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 में हिस्सा लेगी। टीम के कप्तान अमनदीप खरे है। टीम के खिलाड़ियों में आदित्य सरवटे (पेशेवर),आशीष चौहान रायपुर, आशुतोष सिंह सरगुजा, अवनीश सिंह धालीवाल रायपुर, आयुष पांडे रायपुर,देव आदित्य सिंह बी.एस.पी, हरविंदर सिंह सरगुजा, मयंक यादव बिलासपुर, राहुल प्रधान (विकेट कीपर) सरगुजा, रवि किरण (पेशेवर), ऋषि शर्मा रायपुर, सहबान खान जांजगीर चांपा, संजीत देसाई भिलाई, शशांक चंद्राकर (विकेट कीपर) महासमुंद, शशांक तिवारी धमतरी, शुभम अग्रवाल रायगढ़,सौरभ मजूमदार बस्तर और वरुण सिंह भुई रायपुर शामिल हैं। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बनाम महाराष्ट्र का मैच 18 अगस्त से 20 अगस्त तक गुरु नानक कॉलेज में होगा। 21 अगस्त विश्राम दिवस होगा। छत्तीसगढ़ बनाम हिमाचल प्रदेश का मुकाबला 22 अगस्त से 24 अगस्त एसएसएन कॉलेज में होगा और 25 अगस्त विश्राम दिवस होगा। इसी तरह छत्तीसगढ़ बनाम बंगाल का मुकाबला 26 से 28 अगस्त होगा। 29 और 30 अगस्त विश्राम दिवस होगा। सेमीफाइनल मैच 31 अगस्त से 3 सितंबर तक होगा और 4 व 5 सितंबर विश्राम दिवस होगा। फाइनल मुकाबला 6 सितंबर से 9 सितंबर तक खेला जाएगा।

### चुने गए शालेय टेबल टेनिस के खिलाड़ी




**भिलाई।** दुर्ग संभाग अंतर शालेय टेबल टेनिस चयन प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग जिला शिक्षा विभाग की ओर से स्पोर्ट्स काम्पलेक्स जवाहर नगर भिलाई में किया गया। इस प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीन वर्गों में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैचो के परिणामों के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिनमें अंडर-17 बालक वर्ग रितेश निषाद (दुर्ग), भुनेश्वर साहू (दुर्ग), वैभव साहू (दुर्ग), अरमान सोनवानी (दुर्ग), खेमेन्द्र साहू ( बालोद), चयनित खिलाड़ी अंडर-19 बालक वर्ग मिथिलेश (बालोद), सूरज (बालोद), रोहन (बालोद), मंगेश सेन (दुर्ग) और साहिल जांगड़े (दुर्ग) शामिल हैं। प्रतियोगिता में मैचो के अंपायर प्रज्ञा पाठक, सूची वर्मा, वामेंद्र सिंन्हा, अमन वर्मा एवं कमलकांत थे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक टेबल टेनिस के अंतरराष्ट्रीय अंपायर विनोद देवघरे थे। इस अवसर पर विभिन्न जिलों से आए व्यायाम शिक्षक रंजीता दास, रंजना साहू, शिक्षा, रचना मिश्रा, कुमारी काजल, एम रविराज, देवीलाल साहू, शिव शंकर साहू, हरिशंकर चंदेल, अनूप सिंह, मनीष साहू, अखिलेश मिश्रा, तरुण एवं सुशील मिश्रा उपस्थित थे।

### नेशनल पावर लिफ्टिंग में छत्तीसगढ़ को 13 गोल्ड



**रायपुर।** गुजरात के मेहसाणा जिले में नेशनल पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 1 से 3 अगस्त को किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ को 13 गोल्ड, 4 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल मिला। छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 22 राज्यों के 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें छत्तीसगढ़ के विजयी खिलाड़ी में रोहित कुमार चौधरी 3 गोल्ड, कीर्ति नायक 1 गोल्ड, 1 सिल्वर ,नाहिद अख्तर 1 गोल्ड, 1सिल्वर, बसना के पार्षद प्रेम राजन 3 गोल्ड, आस्था झा 3 गोल्ड, मनीरा तांडी 1सिल्वर, कृष्णा साहू 1 ब्रॉन्ज, तेजस हेड़ाऊ 2 गोल्ड ,मुकेश कहार ने 1 सिल्वर मेडल हासिल किए। आलोक शर्मा का भी प्रदर्शन अच्छा रहा ।

### ईस्ट ज़ोन टेबल टेनिस में अर्जुन ने जीता गोल्ड





**रायपुर।** सीबीएसई क्लस्टर 2 ईस्ट ज़ोन टेबल टेनिस स्पर्धा राजधानी के इंटरनेशनल केपीएस स्कूल में आयोजित की गई। जिसमे स्थानीय आरम्भ स्कूल के खिलाडी अर्जुन मल्होत्रा ने अंडर-19 कैटेगरी में पश्चिम बंगाल के खिलाड़ी को हराते हुए सिंग्ल्स मे गोल्ड मेडल पर कब्ज़ा जमाया।

## वैश्विक स्तर पर विशेषज्ञों ने जारी किया अलर्ट

# इस मौसम में रहें सावधान, निमोनिया-फेफड़ों में संक्रमण वाले वायरस का बढ़ रहा है खतरा

हालिया रिपोर्ट में यूनाइटेड किंगडम के कई हिस्सों में एक और वायरस के बढ़ते मामलों को लेकर अलर्ट किया गया है। खबरों के मुताबिक ब्रिटेन में स्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस (आरएसवी) का जोखिम देखा जा रहा है जो छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा हो सकता है।

वैश्विक स्तर पर पिछले एक दशक में कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों का खतरा तेजी से उभरते हुए देखा गया है, जिसके कारण न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव बढ़ा है बल्कि लाखों लोगों की इससे मौतें भी हुई हैं। साल 2019 के आखिरी के महीनों में शुरू हुई सार्स-सीओवी-2 (कोरोना महामारी) हो या फिर इसी दौरान फैला ब्लैक फंगस (म्यूकोरमाइकोसिस) का संक्रमण, बर्ड फ्लू हो या फिर मार्स सीओवी के मामले इन सबने दुनियाभर के वैज्ञानिकों को काफी परेशान किया है। इसी क्रम में हालिया रिपोर्ट में यूनाइटेड किंगडम के कई हिस्सों में एक और वायरस के बढ़ते मामलों को लेकर अलर्ट किया गया है। खबरों के मुताबिक ब्रिटेन में स्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस (आरएसवी) का जोखिम देखा जा रहा है जो छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा हो सकता है। ब्रिटेन से पहले ऑस्ट्रेलिया में भी इस साल पहले ही रिकॉर्ड संख्या में मामले दर्ज हो चुके हैं। पतझड़ के महीनों में इस वायरस का प्रकोप बढ़ जाता है, जिसके चलते अस्पतालों में श्वसन संबंधित समस्याओं के रोगियों के मामलों में भी उछाल दर्ज किया जाता रहा है।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस वायरस के संक्रमण के कारण वयस्कों में निमोनिया और फेफड़ों के संक्रमण जैसी गंभीर सांस संबंधी जटिलताएं भी हो सकती हैं, ऐसे में इस वायरस से बचाव के लिए निरंतर प्रयास करते रहना भी जरूरी है। भारत में भी इस वायरस के संक्रमण का खतरा हो सकता है।

### निमोनिया और फेफड़ों के संक्रमण वाले वायरस का खतरा

नेशनल हेल्थ सर्विसेज (एनएचएस) विशेषज्ञों का मानना है कि खांसी और छींक से फैलने वाले इस वायरस के कारण हर साल ब्रिटेन में लगभग 30,000 बच्चे और 18,000 वयस्क निमोनिया और फेफड़ों के संक्रमण जैसी गंभीर सांस संबंधी जटिलताओं के कारण अस्पताल में भर्ती होते हैं। यह वायरस शिशुओं में मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। हर सर्दियों में लगभग 20 से 30 बच्चे इस वायरस के कारण मौत का शिकार होते हैं। अनुमान है कि इसी अवधि में 8,000 वयस्कों की मृत्यु भी इसी वायरस के कारण होती है, क्योंकि यह संक्रमण रोगियों के हृदय पर दबाव बढ़ाता है और हृदय से संबंधित जटिलताओं का कारण हो सकती है। अधिकारियों ने सभी लोगों को इस वायरस से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाने की सलाह दी है।

### हल्के से गंभीर तक हो सकते हैं इसके लक्षण

एनएचएस इंग्लैंड की मुख्य मिडवाइफरी अधिकारी केट ब्रिंटवर्थ ने कहा, ज्यादातर वयस्कों में आरएसवी केवल हल्के, सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण पैदा करता है, हालांकि वृद्ध और छोटे बच्चों में यह गंभीर सांस संबंधित समस्याएं पैदा कर सकता है जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ सकता है। गर्भावस्था के दौरान टीका लगवाना आपके बच्चे को जन्म से ही सुरक्षित रखने का सबसे अच्छा तरीका है। अब समय आ गया है कि सभी माएं वैक्सीनेशन के बारे में डॉक्टर की सलाह लें।

### गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण कराने की सलाह

पिछले हफ़्ते, यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (यूकेएचएसए) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों से यह भी पता चला है कि गर्भवती महिलाओं का अगर टीकाकरण हो जाता है तो ये उनके बच्चों को अस्पताल में भर्ती होने से लगभग तीन-चौथाई (72 प्रतिशत) तक बचा सकता है। टीकाकरण के बाद गर्भवती



के शरीर में उत्पादित एंटीबॉडी गर्भ में ही उनके बच्चों तक पहुंच जाती हैं, जो जन्म के बाद पहले छह महीनों तक उनकी सुरक्षा दे सकती हैं।

### इस संक्रमण से कैसे बचें?


स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, एक बार आरएसवी होने के बाद, आप दोबारा संक्रमित हो सकते हैं। यह भी संभव है कि यह उसी सीजन में हो, हालांकि, लक्षण आमतौर पर उतने गंभीर नहीं होते। वैक्सीनेशन के साथ लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव आपको इस बीमारी से बचाए रखने में सहायक हो सकता है। अपने हाथ बार-बार धोएं। बच्चों को हाथ धोने का महत्व सिखाएं। संक्रमण से बचाव और इसके प्रसार को रोकने के लिए खांसते या छींकते समय अपना मुंह और नाक ढकें।



# शरीर में इन पोषक तत्वों की कमी से भी बन जाती है काम टालने की आदत

काम टालना एक आम आदत है, जो अधिकतर लोग करते हैं। किसी काम करने के बारे में सोचते तो हैं, लेकिन टालमटोल करके वो नहीं कर पाते हैं। इसे प्रोकास्टिनेशन भी कहते हैं। यह एक ऐसी समस्या है, जो कुछ मामलों में पोषक तत्वों की कमी से भी हो सकती है। आइए इसी के बारे में जानते हैं। क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो अक्सर जरूरी कामों को टालते रहते हैं? क्या आपको भी हर काम की शुरुआत करने में मुश्किल होती है और आप आलस महसूस करते हैं? अक्सर हम इस आदत को अनुशासन की कमी या आलस्य से जोड़कर देखते हैं। इसे आम बोलचाल में टालमटोल करना या प्रोकास्टिनेशन कहते हैं।

लेकिन कुछ मामलों में ये सिर्फ मानसिक कारण नहीं होता, बल्कि काम टालने की आदत के पीछे हमारे शरीर में पोषक तत्वों की कमी भी एक बड़ा कारण हो सकती है। हमारा दिमाग और शरीर सही तरीके से काम करने के लिए विटामिन, मिनरल्स और अन्य पोषक तत्वों पर निर्भर करता है। जब इन पोषक तत्वों की कमी होती है, तो यह हमारे ऊर्जा स्तर, एकाग्रता और प्रेरणा को सीधे तौर पर प्रभावित करता



है, जिससे काम को टालने की आदत और बढ़ जाती है। आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### आयरन की कमी

आयरन हमारे शरीर के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण खनिज है, जो हीमोग्लोबिन के उत्पादन में मदद करता है। हीमोग्लोबिन पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। जब शरीर में आयरन की कमी होती है, जिसे एनीमिया भी कहते हैं, तो मस्तिष्क और मांसपेशियों तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती। इसके कारण व्यक्ति को लगातार थकान और कमजोरी महसूस होती है। ऐसे में, किसी भी काम को शुरू करने या उसे पूरा करने की ऊर्जा ही नहीं बचती, जिसके परिणामस्वरूप काम टालने की आदत बढ़ जाती है।

विटामिन बी12 हमारे नर्वस सिस्टम और मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होता है। यह न्यूरोट्रांसमीटर के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है, जो मूड और एकाग्रता को नियंत्रित करते हैं। विटामिन बी12 की कमी से 'ब्रेन फॉग' यानी दिमाग में धुंधलापन महसूस हो सकता है, जिससे ध्यान केंद्रित करना और जटिल कार्यों को समझना मुश्किल हो जाता है। जब कोई काम मुश्किल लगता है, तो उसे टालना आसान हो जाता है, और यही स्थिति काम टालने की आदत को बढ़ावा देती है।

मैग्नीशियम एक ऐसा खनिज है जो शरीर में 300 से अधिक रासायनिक प्रतिक्रियाओं में शामिल होता है। यह तनाव को कम करने और नींद की गुणवत्ता सुधारने में मदद करता है। इसकी कमी से बेचैनी, चिड़चिड़ापन और नींद न आने की समस्या हो सकती है, जो काम करने की इच्छा को कम कर देती है। वहीं, ओमेगा-3 फैटी एसिड मस्तिष्क के कार्य और मूड को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है। ओमेगा-3 की कमी को डिप्रेशन और एंग्जाइटी से जोड़ा गया है, जो टालमटोल की आदत का मूल कारण बन सकते हैं।



# वास्तु यंत्र घर पर रखना हो तो जानें तरीका

वास्तु के अनुसार वास्तु यंत्र की घर में स्थापना करना काफी अच्छा माना जाता है। यह एक छोटा सा यंत्र है, जो आपके घर में पॉजिटिविटी को बनाए रखने में मदद करता है। वास्तुशास्त्री डॉ आनंद भारद्वाज बता रहे हैं कि घर में वास्तु यंत्र रखते समय आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए-




### ईशान कोण में रखें वास्तु यंत्र

जब आप अपने घर में वास्तु यंत्र रखते हैं तो आपको दिशा व स्थान का खासतौर पर ख्याल रखना चाहिए। वास्तु यंत्र के लिए ईशान कोण अर्थात पूर्व-उत्तर की दिशा सबसे अच्छी मानी गई है। हालांकि, अगर आप चाहें तो वास्तु यंत्र को पूजा स्थान में या फिर भगवान की फोटो के करीब भी रख सकते हैं।

### धातु पर दें ध्यान

आजकल वास्तु यंत्र कई अलग-अलग धातुओं पर उकेरे जाते हैं। आप चांदी, सोने, ताम्रपत्र या क्रिस्टल का वास्तु यंत्र इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, पीतल का वास्तु यंत्र भी घर में रखा जा सकता है। लेकिन कभी भी लोहे या पत्थर पर वास्तु यंत्र अंकित ना करें।

### जरूर देखें शुभ मुहूर्त

जब भी आप घर में वास्तु यंत्र की स्थापना कर रहे हैं तो हमेशा आपको शुभ मुहूर्त अवश्य देखना चाहिए। कभी भी रविवार या मंगलवार के दिन वास्तु यंत्र की स्थापना ना करें। इतना ही नहीं, वास्तु यंत्र की स्थापना करने से पहले उसे गंगाजल से साफ करें।

### करें तिलक

जब आप किसी खास त्योहार पर घर में पूजन करते हैं तो आपको भगवान के पूजन की तरह ही वास्तु यंत्र का पूजन भी जरूर करना चाहिए। आप वास्तु यंत्र का तिलक करें और फूल अर्पित करें। ऐसा करने से ग्रह क्लेश दूर होता है और व्यक्ति के आगे बढ़ने के अवसर खुलते हैं।

### बिछाएं लाल कपड़ा

जब आप घर में वास्तु यंत्र रखते हैं तो आपको कभी भी उसे सीधे लकड़ी के ऊपर नहीं रखना चाहिए। बल्कि जिस आसन पर आप उसे रखना चाहते हैं, पहले उस पर कोई लाल कपड़ा अवश्य बिछाएं।

# घर के मंदिर में मूर्तियां रखने जानें विधि सम्मत सारे नियम

घर में पूजा घर का विशेष महत्व होता है। यह एक ऐसा स्थान होता है, जहां ऊर्जा का संचार सबसे शुद्ध और सकारात्मक माना जाता है। इसलिए इसे हमेशा साफ-सुथरा और नियमों के अनुसार रखना जरूरी है। वास्तु शास्त्र में पूजा घर से जुड़े कुछ नियम बताए गए हैं।



### राधा-कृष्ण की मूर्ति

वास्तु के अनुसार पूजा घर में राधा-कृष्ण की मूर्ति साथ में रखना बहुत शुभ माना जाता है। यह प्रेम और सौहार्द का प्रतीक होता है।

### विष्णु और शिवलिंग साथ में न रखें

भगवान विष्णु और शिवलिंग को एक ही स्थान पर नहीं रखना चाहिए क्योंकि दोनों की पूजा विधियां अलग होती हैं।

### त्रिदेव की मूर्ति एक साथ न रखें

ब्रह्मा, विष्णु और महेश, इन तीनों की प्रतिमाएं एक साथ रखने से बचना चाहिए। यह वास्तु नियमों के अनुसार उचित नहीं माना जाता।

### हनुमान जी की मूर्ति बेडरूम में न रखें

विवाहित जोड़ों को अपने शयनकक्ष में हनुमान जी की मूर्ति नहीं रखनी चाहिए, क्योंकि वे ब्रह्मचारी हैं और उनके स्थान के लिए अलग पूजा क्षेत्र होना चाहिए।

### मृतकों की तस्वीरें न रखें

पूजा घर में दिवंगत परिजनों की तस्वीरें या मूर्तियां नहीं रखनी चाहिए। इससे पूजा स्थान की शुद्धता प्रभावित हो सकती है।

**कार्नर न्यूज**

## 25वी छत्तीसगढ़ सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन हुआ भिलाई में

# बॉल बैडमिंटन में दुर्ग निगम और कबीरधाम विजेता

**भिलाई।** 25वी छत्तीसगढ़ सीनियर बॉल बैडमिंटन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2025-26 के अंतिम दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। पुरुष वर्ग में प्रथम सेमीफाइनल मुकाबले में बीएसपी का सामना दुर्ग जिले से हुआ जिस में बीएसपी ने 35-23, 35-15 से मैच को अपने नाम किया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दुर्ग निगम का मुकाबला महासमुंद जिले से हुआ। जिसमें दुर्ग निगम ने 35-33, 35-21 से जीत लिया। वहीं फाइनल मुकाबले में दुर्ग निगम और बीएसपी का मुकाबला हुआ। जिसमें दोनों ही पक्षों ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया। परंतु दुर्ग निगम ने अंतिम कुछ पलो में खेल को अपने पक्ष में किया और 28-35, 35-31 और 36-34 से मैच जीत लिया।

महिला वर्ग में प्रथम सेमीफाइनल मुकाबले में कबीरधाम का सामना धमतरी से हुआ जिसमें कबीरधाम ने 35-24, 35-21 से मैच को जीत लिया, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में महासमुंद का सामना बीएसपी से हुआ जिसमें




बीएसपी ने 35-28, 35-24 से खेल को जीत कर फाइनल में जगह बनाई, वहीं जब फाइनल मुकाबला खेला गया कबीरधाम और बीएसपी के बीच तब दोनों ही दलों ने खेल को रोमांच से भर दिया परन्तु खेल के अंत में कबीरधाम ने बीएसपी को 35-31, 35-28 से हराया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बाल बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद खान भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष रज्जी उननोनी, उप माहा प्रबंधक ब्लास्ट फर्नेस, भिलाई इस्पात संयंत्र डी वी एस रेड्डी सचिन भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन क्लब, श्यामल बनर्जी कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ, अंकित लुनिया, रेफरी गोपाल साहू, सेवन दास, चिंतामणि, केशव केसर और ऋतु ठाकुर सहित सभी रेफरी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विभिन्न स्थानों पर रही पुरुष और महिला टीम

फाइनल मुकाबले के बाद पुरुष वर्ग में 8वे स्थान में गरियाबंद कॉरपोरेशन, 7 वें स्थान पर धमतरी, 6 वें स्थान पर एनएमडीसी, 5 वें स्थान पर गरियाबंद जिला, चौथे स्थान में दुर्ग जिले, तीसरे स्थान पर महासमुंद, दूसरे स्थान पर बीएसपी रही और पहले स्थान पर दुर्ग निगम की टीम रही। महिला वर्ग में आठवें स्थान पर गरियाबंद कॉरपोरेशन, सातवें स्थान पर बालोदबजार, छठवें स्थान पर गरियाबंद जिला, पांचवे स्थान पर बस्तर, चौथे स्थान पर धमतरी, तीसरे स्थान पर महासमुंद, दूसरे स्थान पे बीएसपी और अंत में प्रथम स्थान कबीरधाम ने जीता



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'हेड ऑफ स्टेट्स' में पर्दे से निकली अमेरिकी कूटनीति की नई पटकथा



जुलाई की शुरुआत में प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'हेड ऑफ स्टेट्स' रिलीज हुई थी। इस फिल्म को लेकर काफी बज भी नजर आया था। इस फिल्म में प्रियंका के अपोजिट जॉन सीना नजर आए थे। फिल्म किस नेरेटिव से होकर गुजरती है और इसकी प्रस्तुति कैसी है, यह जानने दर्शक भी उत्सुक हैं। प्राइम वीडियो पर हाल ही में रिलीज हुई फिल्म हेड ऑफ स्टेट न केवल एक हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म है, बल्कि यह पश्चिमी कूटनीतिक सोच, सत्ता की संरचना और वैश्विक गठबंधनों विशेष रूप से नाटो को लेकर बनाए गए नेरेटिव की एक सधी हुई प्रस्तुति है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा एक एमआई 6 एजेंट की भूमिका में हैं जो ब्रिटिश प्रधानमंत्री की पूर्व प्रेमिका भी हैं। फिल्म का नायक एक एक्शन हीरो से अमेरिका का राष्ट्रपति बनता है और अंततः एक अंतरराष्ट्रीय संकट का नायक बनकर उभरता है। फ़िल्म का मूल संदेश यह है कि चाहे दुनिया कितनी ही विघटित क्यों न हो जाए, अगर अमेरिका और ब्रिटेन साथ हैं, तो सब कुछ ठीक हो सकता है। यह स्क्रिप्ट इतनी जानी-पहचानी है कि अब यह क्लासिक बन चुकी है। फिल्म की कहानी उस समय सेट की गई है जब अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के बीच अविश्वास की खाई चौड़ी हो चुकी है। यूरोपीय राष्ट्र नाटो से अलग होने की कगार पर हैं, और अमेरिका का राष्ट्रपति खुद एक झटके में अकेला रह जाता है। लेकिन जैसे ही दुश्मन सक्रिय होता है, वही पुराने नैरेटिव वापस लौट आते हैं लोकतंत्र खतरे में है, पश्चिमी मूल्य प्रणाली को बचाना है, और हम नहीं लड़े, तो दुनिया बर्बाद हो जाएगी।

### टॉलीवुड

## सलमान की नई फिल्म 'डीक्यू41' की लॉन्च पर नानी भी दिखे साथ



अभिनेता दुलकर सलमान नई फिल्म 'डीक्यू41' में नजर आएंगे। कुछ ही देर पहले निर्माताओं ने फिल्म के शुभारंभ की शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर फिल्म की घोषणा की है। इस मौके पर नेचुरल स्टार नानी भी शामिल हुए।

सीता रामम और लकी भास्कर जैसी तेलुगु फिल्मों से दर्शकों का दिल जीत चुके दुलकर सलमान ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी आगामी फिल्म 'डीक्यू41' की घोषणा की है। उन्होंने शुभारंभ की कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस लॉन्च पर साउथ नेचुरल स्टार नानी भी नजर आए।

आज हैदराबाद में एक बड़े लॉन्च इवेंट में दुलकर सलमान की नई फिल्म 'डीक्यू41' की घोषणा की गई। इस मौके पर साउथ स्टार नानी, जो दुलकर के अच्छे दोस्त हैं, उन्होंने शुभ मुहूर्त शॉट के लिए क्लैपबोर्ड बजाया। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर इस इवेंट की तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें दुलकर और नानी नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा कि यह फिल्म एक दिल को छूने वाली प्रेम कहानी है, जिसका पूजा समारोह भव्य रूप से हुआ। इन शानदार तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुप्रतीक्षित डीक्यू41 - एक दिल को छू लेने वाली समकालीन प्रेम कहानी - एक पूजा समारोह के साथ भव्य रूप से लॉन्च हुई।'

निर्देशक बुची बाबू सना ने कैमरा शुरू किया, जबकि नानी, गुन्नम संदीप और राम्या गुन्नम ने स्क्रिप्ट सौंपी। पहला शॉट रवि नेलाकुदिति ने खुद डायरेक्ट किया। इस मौके पर निर्देशक श्रीकांत ओडेला भी मौजूद थे। फिल्म की शूटिंग आज से शुरू हो चुकी है। सिनेमैटोग्राफी अनय ओम गोस्वामी करेंगे, संगीत जीवी प्रकाश कुमार देंगे और प्रोडक्शन डिजाइन अविनाश कोल्ला का होगा। यह फिल्म पूरे भारत में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## 'हर बार टूटने के बाद भी...', अक्षरा ने शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट



अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे जिंदगी और सकारात्मकता की बात करती दिखी हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित एक्ट्रेस अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अक्सर वे यहां अपने स्टाइलिश लुक शेयर करती हैं, साथ ही अपनी पर्सनल-प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट भी शेयर करती दिखती हैं। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ क्रिप्टिक कैप्शन लिखा है।अक्षरा ट्रेडिशनल लुक में दुपट्टा फ्लॉन्ट करते हुए पोज देती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'कठोर होना आसान है इस दुनिया में, पर हर बार टूटने के बाद भी कोमल दिल के साथ जीना, वह हिम्मत है'। अक्षरा सिंह ने अपने पोस्ट के साथ लिखा है, 'दूसरों के प्रित करुण रहें'। नेटिजन्स की इस पोस्ट पर सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। अधिकांश लोग रेड हार्ट इमोजी बना रहे हैं। उनके लुक के साथ-साथ कैप्शन की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सही कहा अक्षरा बहन'। एक अन्य यूजर ने लिखा है, 'अक्षरा अब आपको बॉलीवुड जाना चाहिए'। एक्ट्रेस अक्षरा सिंह की निजी जिंदगी की अगर बात करें तो उनका नाम भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह के साथ जुड़ चुका है। कभी अक्षरा सिंह और पवन सिंह का कथित अफेयर खूब सुर्खियों में रहा। दोनों ने साथ में फिल्मों में काम भी किया। हालांकि, अब दोनों की राहें जुदा हैं।


## साइड स्टाइल



राजस्थान का 'दाबू' शिल्प

मुंबई का लैक्मे फैशन वीक देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान रखता है। इस बार फोकस था टिकाऊ यानि सस्टेनेबल फैशन पर। जिसमें पाँच से ज़्यादा डिज़ाइनरों और लेबल्स ने खादी और भारत के अन्य स्वदेशी वस्त्रों और शिल्पों पर अपनी राय पेश की। यहां राजस्थान की हैंडब्लॉक प्रिंटिंग तकनीक 'दाबू' को खास तौर पर पसंद किया गया। डिजाइनर अनाविला ने इस कला का इस्तेमाल अपने कलेक्शन में किया।

## राखी के लिए इस फेसपैक से दमकाएं अपना चेहरा



अब रक्षाबंधन के त्योहार में कुछ ही दिन बचे हैं। इस साल राखी का त्योहार 9 अगस्त, दिन शनिवार को मनाया जाएगा। ये दिन भाई-बहनों के लिए बेहद खास होता है, इसलिए इस दिन खास तरह से तैयार होना तो बनता है। अगर आप भी राखी के दिन सबसे अलग दिखना चाहते हैं तो आज से राखी तक के बीच के समय में एक फेस पैक इस्तेमाल करें। ये फेस पैक चेहरे को तुरंत निखारने में मदद करता है, जो राखी जैसे पर्व के लिए एकदम सही है।

फेस पैक बनाने एक बड़ा चम्मच बेसन, 1/4 छोटा चम्मच हल्दी और 1 छोटा चम्मच दही चाहिए। इस फेसपैक को बनाना काफी आसान है। इसके लिए सबसे पहले तो एक कटोरी में एक बड़ा चम्मच बेसन ले लें। अब इस बेसन में चुटकीभर हल्दी मिक्स करें। इन दोनों चीजों को मिक्स करने के बाद थोड़ा-थोड़ा करके दही मिक्स करें। ध्यान रखें दही सिर्फ इतना ही हो, जिससे हल्दी और बेसन का गाढ़ा पेस्ट बन के तैयार हो जाए। ये पेस्ट न तो ज्यादा गाढ़ा होना चाहिए और न ही पतला।

कैसे करें इस्तेमाल ?

फेसपैक तैयार होने के बाद बारी आती है इसे सही से अप्लाई करने की। तो उसके लिए सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। गंदे चेहरे पर फेसपैक इस्तेमाल करने का कोई फायदा नहीं है। चेहरा धोने के बाद इस पैक को ब्रश की मदद से अपने चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें। अब इसे कम से कम बीस मिनट के लिए ऐसे ही लगा रहने दें। 20 मिनट के बाद अपने चेहरे को हलका गीला करें और मसाज करते हुए फेस पैक को साफ कर लें। इससे ये आसानी से हट जाएगा।

बरतें ये सावधानी

आप आज से लेकर राखी के त्योहार के बीच में दो बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इस फेस पैक को बनाते समय आपको खास सावधानी बरतने की जरूरत है। जैसे कि अगर आप हल्दी ज्यादा डालेंगी तो आपका चेहरा पीला पड़ सकता है। इसलिए हल्दी की मात्रा का खास ध्यान रखें। हल्दी और दही हर किसी को सूट नहीं करता है, इसलिए इसके इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, ताकि एलर्जी की संभावना न रहे।

## एलिगेंट लुक के लिए बेस्ट हैं डिजाइनर साड़ी, इस तरह करें स्टाइल



साड़ी में एलिगेंट लुक पाने के लिए आप इस तरह की डिजाइनर साड़ी का चुनाव कर सकती हैं और इस साड़ी में आपका लुक अलग और सुंदर नजर आएगा। हर महिला को साड़ी स्टाइल करना पसंद होता है। इसलिए कई सारे खास मौकों पर ब्यूटीफुल नजर आने के लिए महिलाएं बेस्ट साड़ी का चुनाव करती हैं। आजकल बाजार में आपको कई तरह साड़ी के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप पहनकर सुंदर नजर आएंगी। लेकिन, अगर आपको कुछ न्यू ट्राई करना है, तो इसके लिए इस आर्टिकल में दिखाई गई डिजाइनर साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी स्टाइल करने के बाद आपका लुक एलिगेंट नजर आएगा।



### एलिगेंट लुक के लिए डिजाइनर साड़ी करें ट्राई

एलिगेंट लुक पाने के लिए आपको कुछ डिजाइनर साड़ी के ऑप्शन देखने चाहिए। इस तरह की साड़ी में आपका लुक सुंदर नजर आएगा और इस तरह की साड़ी कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं।



### प्रिंटेड साड़ी

अपने लुक को परफेक्ट तरीके से क्रिएट करने के लिए आप इस तरह की डिजिटल प्रिंटेड साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी में प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है। इसके अलावा इस साड़ी के बॉर्डर पर भी वर्क किया हुआ है। इस साड़ी को आप स्लीवेलेस वाला ब्लाउज वियर कर सकती हैं साथ ही, इस साड़ी के साथ आप हैवी ज्वेलरी वियर करें। मार्केट और ऑनलाइन प्लेटफार्म दोनों ही जगहों पर आपको ये साड़ी 1,500 रुपये में मिल जाएंगी।

### जरी वर्क साड़ी

अगर आपको सिंपल साड़ी चाहिए, तो ऐसे में आप इस तरह की जरी वर्क साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस साड़ी के बॉर्डर में जरी वर्क किया हुआ है और इस तरह की साड़ी को स्टाइल करने के बाद आपका लुक अच्छा लगेगा। यह साड़ी आपको कई सारे कलर ऑप्शन के साथ 1 हजार रुपये में मिल सकती है। इस साड़ी में आपने लुक को कम्पलीट करने के लिए आप सिंपल नेकलेस और झुमके स्टाइल कर सकती हैं।

## सोने की अंगूठी की नई डिजाइन से आपको मिलेगा रॉयल लुक

हर मां अपनी बेटी के लिए सोने की ज्वेलरी बनाकर रखती हैं।ऐसे में अगर आप भी अपनी बेटी या बहु के लिए सोने की ज्वेलरी में अंगूठी बनवाने का सोच रही हैं और आप अंगूठी की नई डिजाइन भी तलाश रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं।



### स्क्वायर शेप लीफ गोल्ड रिंग डिजाइन

फैशन के बदलते दौर में अधिकतर महिलाएं डिजाइनर और नग वाली अंगूठी पहनना पसंद करती हैं। अगर आप भी अपने हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए अंगूठी की डिजाइन तलाश रही हैं, तो आप इस खूबसूरत स्क्वायर शेप लीफ गोल्ड रिंग डिजाइन को शामिल कर सकती हैं। यही नहीं इस तरह की अंगूठी की डिजाइन आप अपनी बेटी के लिए भी बनवा सकती हैं। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### फ्लोरल इंस्पायर्ड गोल्ड रिंग डिजाइन

अगर आप अपनी बेटी या बहु के लिए गोल्ड रिंग तलाश रही हैं, तो अब आप उन्हें यह खूबसूरत फ्लोरल इंस्पायर्ड गोल्ड रिंग डिजाइन को भी गिफ्ट में दे सकती हैं। इस तरह की रिंग को आप कन्यादान या मुह दिखाई के वक्त दे कर अपनी बेटी या बहू को खुश कर सकती हैं। इसकी डिजाइन को देखते ही आपकी बेटी या बहू खुशी से झूम उठेगी। इस डिजाइन वाली अंगूठी को आप सुनार के यहां बनवा सकती हैं या ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।अगर आप किसी त्यौहार पर अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं और ऐसे में ऑउटफिट के साथ पहनने के लिए सोने की ज्वेलरी भी तलाश रही हैं, तो आपके लिए यह खूबसूरत मैंगो डिजाइन गोल्ड रिंग भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है।

## रक्षाबंधन को खास बनाने ब्लाउज के खूबसूरत बैक डिजाइन

रक्षाबंधन के खास मौके पर अगर आप भी साड़ी पहनने का सोच रही है और इसके लिए साड़ी के साथ ब्लाउज बनवाने वाली है, तो अब आप ब्लाउज बनवाने से थोड़ा विचार करें। आपको कुछ ऐसी खूबसूरत बैक नेकलाइन डिजाइन के बारे में जानना चाहिए।

### बैक वी-नेकलाइन के साथ कट आउट

अगर आप रक्षाबंधन पर साड़ी पहनने का प्लान कर रही हैं और इसके साथ डिजाइनर ब्लाउज शामिल करने वाली है, तो अब इस खूबसूरत वी-नेकलाइन के साथ कट आउट डिजाइन को बनवा सकती है। इस तरह की बैक बैक नेक लाइन आपके साड़ी लुक को डिफरेंट और एलिगेंट टच देने में मदद करेंगी और इस साल रक्षाबंधन के त्यौहार को यादगार भी बना देगी। आप ऐसे ब्लाउज को बाजार से कपडा लेकर बनवा सकती हैं।



### टाई-बैक डोरी के साथ यू-आकार स्कैलप्ड किनारा डिजाइन

साड़ी के साथ कौन सा ब्लाउज सही रहेगा और किस तरह की नेकलाइन बेस्ट है। इस बात को लेकर अगर आप भी कंफ्यूज रहती है, तो अब आप इस खूबसूरत टाई-बैक डोरी के साथ यू-आकार स्कैलप्ड किनारा डिजाइन करवा सकती है। इस तरह की नेकलाइन आपके लुक को गॉर्जियस बनाने हैं मदद करेंगी। आप इस तरह के ब्लाउज को किसी भी टेलर से बनवा सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

### बहनें तो अपना ध्यान रख लेंगी लेकिन भाईयों को चाहिए कुछ खास टिप्स

## भाई ऐसे हों तैयार, देखकर बहनें उतारेंगी नजर

रक्षाबंधन के त्यौहार के लिए लड़कियां काफी उत्साहित रहती हैं। इसके लिए वह पहले से ही अपने लिए काफी खरीदारी करते हैं। इसमें ट्रेंडी आउटफिट, ज्वेलरी और फुटवियर भी शामिल होता है। हर लड़की चाहती है कि वह रक्षाबंधन के दिन सबसे खूबसूरत दिखें। इसकी वजह है कि राखी का त्यौहार साल भर में एक बार आता है और यह हर भाई-बहन के लिए बेहद खास होता है। बहनें तो इस दिन खास दिखने के लिए तैयारी कर लेती है लेकिन लड़कों को समझ नहीं आता कि वह कैसे तैयार हों और कैसे कपड़े पहनें।

हर लड़का चाहता है कि जब उसकी बहन उसकी कलाई पर राखी बांधे और यह पल जब कैमरे में कैद हो तो वह खुद भी अच्छा दिखे। ऐसे में लड़कों के लिए भी हैंडसम दिखना बेहद जरूरी होता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जिनको अपना कर आप भी रक्षाबंधन के दिन हैंडसम देख पाएंगे। अगर आप बताई गई टिप्स को फॉलो करके तैयार होंगे और ट्रेंडी कपड़े पहनेंगे तो आपकी बहनें भी आपकी नजर उतरेंगी।



### करें ग्रूमिंग

राखी के दिन तैयार होने के लिए सबसे पहले शेव करें और बालों को सही से सेट कर लें। ये आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगी।

### फेस वॉश

राखी के लिए तैयार होने से पहले चेहरे को सही से साफ कर लें, ताकि त्वचा पर किसी तरह की गंदगी ना हो। इसके साथ ही अपने चेहरे को मॉइश्चराइज जरूर करें।

पहनें इस तरह का आउटफिट

राखी के त्योहार पर हैंडसम दिखने के लिए अगर आप चाहें इस तरह का लुक कैरी कर सकते हैं। धोती-कुर्ता के साथ ये जैकेट आपके लुक को पूरा करने में मदद करेगी।

पहन सकते हैं कुर्ता और पैंट

अगर आप धोती कुर्ता पहनना नहीं चाहते तो इस तरह का कुर्ता और पैंट कैरी करें। ये भी देखने में स्टाइलिश लगता है। इसे पहनकर आपकी तस्वीरें भी अच्छी आएंगी।

